हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 19 मई 2026



# घुमका नपं अध्यक्ष के लिए तीन नामांकन, 15 वार्ड के लिए 65 ने भरा फार्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

घुमका नगर पंचायत चुनाव को लेकर नामांकन दाखिल करने की अवधि सोमवार के साथ ही समाप्त हो गई है। नामांकन जमा करने के अंतिम दिवस काफी गहमा-गहमी का माहौल देखने को मिला, जहां नपं अध्यक्ष पद के लिए भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशियों ने अपना नामांकन जमा किया। वहीं आप ने भी अपना प्रत्याशी मैदान में उतार दिया है।

जिसके चलते अब मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है। वहीं नपं के 15 वार्ड के लिए अंतिम अवधि तक कुल 65 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है। कल बुधवार दोपहर तक नाम वापसी की प्रक्रिया चलेगी। जिसके बाद ही चुनावी तस्वीर साफ हो पाएगी।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी चुनावी कार्यक्रम के तहत घुमका नगर पंचायत को लेकर 11 मई से नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हुई थी। हालांकि शुरूआती दिनों में प्रत्याशियों की घोषणा नहीं होने के कारण नामांकन दाखिले की प्रक्रिया सुस्त ही देखने को मिली। जैसे ही शुक्रवार और शनिवार की शाम भाजपा और कांग्रेस ने अपने प्रत्याशियों की घोषणा की। सोमवार को नामांकन जमा करने के लिए भारी भीड़ तहसील दफ्तर में देखने को मिली। सोमवार दोपहर तीन बजे तक की तय अवधि तक अभ्यर्थी फार्म जमा करते नजर आए।





## एक जून को मतदान, चार को परिणाम

घुमका नगर पंचायत के साथ ही जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच और पंच पदों को लेकर हो रहे चुनाव के लिए मतदान की प्रक्रिया आगामी एक जून को एक साथ की जाएगी। घुमका नगर पंचायत के लिए मतदान का समय सुबह 8 से शाम 5 बजे तक एवं त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के लिए सुबह 7 बजे से दोपहर तीन बजे तक का समय तय है। वहीं घुमका नपं की मतगणना चार जून को होगी। वहीं त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के लिए मतगणना एक जून को ही मतदान के बाद केंद्र में की जाएगी। हालांकि अधिकारिक परिणाम की घोषणा चार जून को होगी।

**वरिष्ठ नेताओं की रही उपस्थिति:** नामांकन दाखिल करने के दौरान कांग्रेस और भाजपा दोनों ने ही अपना शक्ति प्रदर्शन किया। नामांकन रैली के दौरान प्रत्याशियों एवं स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ ही दोनों ही पार्टी के वरिष्ठ नेताआं की उपस्थिति रही। दोनों दलों ने अपनी-अपनी जीत के दावे किए।

### कांग्रेस-भाजपा और आप में होगा मुकाबला

घुमका नगर पंचायत अध्यक्ष का पद महिला के लिए आरक्षित है। नामांकन की अवधि समाप्त होने तक यहां मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है। यहां कांग्रेस ने पूर्व सरपंच फूलमती वर्मा को अपना प्रत्याशी बनाया है। जबकि भाजपा से यहां किरण वर्मा ने अपना नामांकन दाखिल किया। वहीं अध्यक्ष पद के लिए आम आदमी पार्टी ने भी अपना उम्मीदवार मैदान में उतार दिया है। आप से यहां अलिता जोशी ने नामांकन दाखिल किया है।

### पंचायत के 27 पदों के लिए उपचुनाव भी

डोंगरगांव जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 5 मचानपार को लेकर हो रहे उपचुनाव के लिए अंतिम अवधि तक कुल चार उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है। इनमें द्वारका टंडन, नेतराम, भानु नारंग एवं आत्माराम रात्रे शामिल हैं। इसके अलावा राजनांदगांव ब्लॉक के ककरेल सरपंच के लिए तीन अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया है। इसके अलावा जिले के 25 पंच पदों को लेकर भी नामांकन की अवधि समाप्त हो गई है।

# हिन्दू संगठन ने किया चक्काजाम

## युवती को परिजन को सौंपने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

■ शहर के चौक में देर रात तक प्रदर्शन

हिन्दू युवती के एक अन्य धर्म के युवक के साथ चले जाने की खबर पर हिन्दू संगठन के लोगों ने शहर के महावीर चौक में चक्का जाम कर प्रदर्शन किया। इस दौरान युवती को परिजन को सौंपने की मांग की गई।

प्राप्त जानकारी अनुसार हिन्दू संगठन के लोगों ने आज शाम शहर के महावीर चौक पर चक्का जाम कर दिया। हिन्दू संगठन के लोगों का कहना था कि हिन्दू युवती एक अन्य समाज के युवक के साथ घर से चली गई थी। जिसकी सूचना परिजनों ने पुलिस को भी दी थी। बताया गया कि आज कोतवाली थाना में युवती और युवक पहुंचे थे, जहां परिजन भी पहुंचे थे। यहां से बयान के लिए एसडीएम कार्यालय ले जाया गया। बयान होने के बाद युवती पुनः युवक के साथ चली गई। इस बात की



जानकारी मिलते ही हिन्दू संगठन के लोगों व उनके परिजनों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए शहर के महावीर चौक पहुंचे और युवती को परिजन को सौंपने की मांग करने लगे। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी एवं प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। समाचार लिखे जाने तक महावीर चौक पर बड़ी संख्या में लोग बेरिकेडिंग, वाहनों को खड़ी कर व सड़क पर बैठकर प्रदर्शन कर रहे थे। प्रदर्शन के दौरान युवती के पिता भी मौके पर रहे।









## खबर संक्षेप

### पौधरोपण से जोड़ा जाए युवाओं को

**तुमडीबोड।** कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ के जिला सचिव सतीश कोठारी ने बिगडते प्रकृति का संतुलन पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कभी बारिश तो कभी तापमान का बढ़ना प्रकृति से छेड़छाड़ का नतीजा है। उन्होंने कहा कि दिन-प्रतिदिन पेड़ों की कटाई हो रही है किन्तु अपेक्षित संख्या में नए पेड़ नहीं लगाए जा रहे हैं जिससे मिट्टी का कटाव हो रहा है। बारिश का पानी बहकर बर्बाद हो रहा है। उन्होंने बेरोजगार युवाओं को वृक्षारोपण के काम से जोड़ने का आग्रह किया है ताकि प्रकृति संतुलन सुधरे साथ ही लोगों को रोजगार भी मिले।

### दाम सामान्य होने तक साइकिल चलाने का संकल्प



**छुईखदान।** पेट्रोल, डीजल और गैस की बढ़ती कीमतों के बीच छुईखदान प्रेस क्लब के सचिव दीपक देशमुख ने एक सराहनीय पहल करते हुए संकल्प लिया है कि जब तक पेट्रोल-डीजल के दाम सामान्य नहीं हो जाते, तब तक वह लोकल और कम दूरी की यात्रा के लिए सायकल का उपयोग करेंगे। दीपक देशमुख ने बताया कि कम दूरी के आवागमन के लिए सायकल यात्रा सबसे बेहतर और पर्यावरण हितैषी का साधन है। उन्होंने अपने मित्रों और नगरवासियों से स्वास्थ्य जीवन, देशहित एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए सायकल का उपयोग करने की अपील की है। श्री देशमुख के इस निर्णय की पत्रकारों मित्रों और नगरवासियों के बीच जमकर प्रशंसा हो रही है। लोगों का कहना है कि बढ़ती महंगाई और प्रदूषण के दौर में यह पहल समाज के लिए प्रेरणादायक है। नगरवासियों ने उनके संकल्प की प्रशंसा करते हुए बधाई दी है। ज्ञात हो कि श्री देशमुख सामान्य जीवन शैली के लिए क्षेत्र में अलग पहचान बनाए हुए है। उनके इस निर्णय के लिए प्रेस क्लब के सज्जाक खान, सुदीप श्रीवास्तव, अनिल यादव, संजय शर्मा, सन्नी महोबिया, नीलम वैष्णव, शैलेन्द्र तिवारी, देवेश सोनी, अंकित महोबिया, कारणसिंग ठाकुर, दीनदयाल यदु, विक्रमसिंह ठाकुर, महेंद्र सिंह ठाकुर ने उन्हें बधाई दी है।

### सोलो एक्ट व नाट्य स्पर्धा होगी 31 को

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव थियेटर ग्रुप ने अपनी परंपरा को कायम रखते आगामी 31 मई को सुबह 10 बजे से मेडिकल कॉलेज स्थित आडिटोरियम में सोलो एक्ट व नाटय प्रतियोगिता का आयोजन किया है।

## ज्यादा बारिश होने पर आवागमन हो सकता है बाधित

# टेंडर के बाद भी पुलों का निर्माण अधर में लटका

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

दो साल पहले बाढ़ की चपेट में आने के बाद जर्जर एवं क्षतिग्रस्त हुए ग्राम पंचायत कृतबांस और दुल्लापुर के पुलों के स्थान पर नए पुल निर्माण के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 7 करोड़ की घोषणा की थी। यह घोषणा फिलहाल प्रशासनिक फाइलों में ही घूमती नजर आ रही है।

जानकारी के अनुसार जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्हन ताम्रकार के प्रयासों से स्वीकृत हुए दो उच्च स्तरीय पुलों का निर्माण 5 महीने बाद भी शुरू नहीं हो सका है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि मानसून के आगमन में महज एक से डेढ़ महीने शेष है। नियमानुसार बरसात शुरू होते ही नए निर्माण कार्यों पर प्रतिबंध लग जाता है। बारिश से पहले काम शुरू नहीं हुआ और तेज बारिश शुरू हुई तो इस साल भी ग्रामीणों को जर्जर पुल से ही गुजरना पड़ेगा।



### दोनों पुल महत्वपूर्ण

ग्राम सुराज अभियान के दौरान ग्रामीणों की मांग पर दोनों पुलों के निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति मिली थी। सुरही नदी पर उच्च स्तरीय पुल के लिए 3 करोड़ 42 लाख 83 हजार और लिमो-दुल्लापुर मार्ग पर कर्रानाला पर पुल निर्माण के लिए 3 करोड़ 82 लाख 5 हजार रुपए की स्वीकृति मिली है।

### अस्थाई वैकल्पिक प्रबंध

ग्राम पंचायत दुल्लापुर के सरपंच बलराम पटेल ने बताया कि बारिश से पुल क्षतिग्रस्त हो गया था। वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर मिट्टी और रेत का उपयोग कर व्यवस्था बनाया गया है जो बारिश में बह जाएगा। प्रशासन को शीघ्र पुल निर्माण आरंभ कराए।

### टेंडर के बाद निर्माण

जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्हन ताम्रकार ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उच्च स्तरीय पुल निर्माण की घोषणा किया है। टेंडर लगा हुआ है। टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होते ही निर्माण आरंभ हो जाएगा।

### टूट जाएगा संपर्क

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान में दोनों स्थानों पर बने पुल बारिश और बाढ़ के बाद जर्जर हो गए है। आगामी मानसून सीजन में अत्यधिक बारिश होती है तो यह जर्जर पुल ढह सकते हैं। ग्राम पंचायत कृतबांस के सरपंच अमन झारिया ने बताया कि ग्राम पंचायत कृतबाश, बिरखा और मगरकुण्ड सहित पैलीमेटा क्षेत्र के लोग इसी पुल का उपयोग कर गंडई आते जाते है। पुल निर्माण कार्य आरंभ नही किया गया तो बरसात में पुल ढहने पर ग्रामीण शहर से कट जाएंगे और जनजीवन प्रभावित होगा।

## रैली में महिलाओं ने दिखाई ताकत...



**घुमका।** नगर पंचायत के होने वाले पहले आम चुनाव के लिए घोषित भाजपा उम्मीदवारों ने सोमवार को रैली निकालकर नामांकन दाखिल किया। नामांकन रैली में जिला महिला मोर्चा की पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने शामिल होकर प्रत्याशियों का उत्साहवर्धन किया।

# सोमनाथ के इतिहास से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जालबांधा



स्थानीय नवीन महाविद्यालय में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन प्राचार्य डॉक्टर ओपी गुप्ता के निर्देशन एवं वाणिज्य विभागाध्यक्ष संजय देवांगन के सानिध्य में किया गया।

कार्यक्रम के शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। शुरुआत में प्राचार्य ने बताया कि इस दिवस का उद्देश्य भारतीय संस्कृति, इतिहास तथा स्वाभिमान की भावना से परिचित कराना है। वाणिज्य विभागाध्यक्ष देवांगन ने बताया कि सोमनाथ एक मंदिर ही नहीं बल्कि भारतीयों के स्वाभिमान आस्था और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक है। पूजा देवांगन ने सोमनाथ के संघर्ष और पुनर्जागरण का वर्णन किया। रितेश बंजारे ने पीपीटी के माध्यम से 1000 वर्ष पूर्व के युद्ध से लेकर उसके निर्माण तक की जानकारी चित्रों के माध्यम से दी। विद्यार्थियों को सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर प्रधानमंत्री के संबोधन का लाइव प्रसारण में दिखाया गया। इस मौके पर सहायक प्राध्यापक रवि प्रकाश चतुर्वेदी, डॉ. नवीन राजपूत, वासु दुबे, अश्विन गौतम, शिवम वैष्णव, नेमू साहू, मासूम वर्मा, अंजलि रामटेकर, डॉ साधना देवांगन आदि ने 12 ज्योतिर्लिंगों की जानकारी दी। संचालन वासु दुबे ने किया।

# सुशासन शिविर में सरपंच पर चाकू से हमला, आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

विकासखंड के ग्राम पलांदूर में सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित समस्या समाधान शिविर के दौरान तब तनावपूर्ण स्थिति बन गई जब एक व्यक्ति ने सरपंच पर चाकू से हमला कर दिया। घटना से बाद कुछ समय तक कार्यक्रम स्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया, लेकिन प्रशासन की तत्परता और ग्रामीणों की सजगता से स्थिति शीघ्र ही नियंत्रण में आ गई। इस घटना में सरपंच के हाथ में चोट आई है, जिनका प्राथमिक उपचार कराया गया।



जानकारी के अनुसार समाधान शिविर में ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ समस्याओं का निराकरण किया जा रहा था। इसी दौरान पलांदूर निवासी जितेन्द्र यादव ने कार्यक्रम में व्यवधान उत्पन्न करते हुए सरपंच पर हमला कर दिया। घटना के तुरंत बाद उपस्थित ग्रामीणों एवं अधिकारियों ने साहस और समझदारी का परिचय देते हुए आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस ने उसे हिरासत लिया।

### मौके पर पहुंचे अधिकारी

घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम एम भार्गव मौके पर पहुंचे और अधिकारियों के साथ स्थिति का जायजा लिया। प्रशासन ने शांति बनाए रखने की अपील करते हुए शिविर पुनः प्रारंभ कराया गया। अधिकारियों की मौजूदगी और सुरक्षा व्यवस्था के चलते शिविर शांतिपूर्ण ढंग से संचालित हुआ।

### पुराना विवाद

ग्रामीणों ने बताया कि आरोपी को सरपंच का करीबी माना जाता था। दोनों के बीच किसी पुराने विवाद को लेकर तनाव की स्थिति बनी हुई है। ग्रामीणों ने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि शासन द्वारा गांव-गांव पहुंचकर लोगों की समस्याओं का समाधान करने के उद्देश्य से शिविर आयोजित किया जा रहा है जिसमें इस तरह की घटना नहीं होनी चाहिए।

### पुलिस की नजर

फिलहाल राजस्व विभाग एवं एसडीओपी केसरी नंदन नायक पुलिस टीम के साथ गांव में स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से गांवों में शांति, सुरक्षा और विकास के वातावरण को बनाए रखने की मांग की है।

# महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

## दाम नियंत्रित करने की मांग, उग्र आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

पेट्रोल, डीजल सहित आम उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतों में लगातार वृद्धि के विरोध में शनिवार को शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने महावीर पारा स्थित कक्कड़ पेट्रोल पंप में विरोध प्रदर्शन करते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बढ़ती महंगाई को लेकर सरकार पर निशाना साधते हुए आम लोगों को राहत देने की मांग उठाई।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पेट्रोल-डीजल के दामों में लगातार वृद्धि का सीधा असर आम जनता की जेब पर पड़ रहा है। ईंधन महंगा होने के बाद परिवहन लागत बढ़ गई है, जिससे खाद्य सामग्री सहित रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम भी लगातार बढ़ रहे हैं। मंहगाई का सबसे अधिक असर मध्यम वर्ग, मजदूर और किसानों पर पड़ रहा है।

प्रदर्शन में शामिल होकर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण जनता महंगाई की मार झेलने को मजबूर है। कांग्रेस जनता की आवाज बनकर संघर्ष करते रहेगी। प्रदर्शन में संध्या देशपांडे, नलिनी मेश्राम, प्रदीप शर्मा, शिशुपाल भारती, विष्णु लोधी, प्रमोद टेंभुरनिकर, चुम्मन साहू, सुरेश सिन्हा, मतीन खान, आमीन उके, रामजी तराने, संजय यादव, नरेश करसे, दशरथ ठाकुर, रमेश साखरे, संजय फूले, गणेश प्रसाद, गुलशन, पप्पू इंदुरकर, रजत देशपांडे, जगतारण यादव, सुरेंद्र अंबादे, बब्बू खान, गणपत रजक, दुलीचंद बडोले, संजीव गुप्ता, मनोज साहू, निधि गजभिए, सामसाय टांडेकर, संतोष हठीले, केशव टांडी, हरीश भंडारी सहित अन्य उपस्थित थे।



### दाम कम करने की मांग

कार्यकर्ताओं ने पेट्रोल पंप परिसर में नारेबाजी करते हुए पेट्रोल-डीजल की कीमतों में तत्काल कमी करने तथा महंगाई पर नियंत्रण लगाने की मांग की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि जनता को राहत दिलाने कदम नहीं उठाया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।



### तीसरी बार पेश किया आय-व्यय लेखा

**डोंगरगढ़।** सेमरिया में छत्तीसगढ़ लोधी समाज की बैठक में समाजहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा कर निर्णय लिए गए। प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी ने लगातार तीसरी बार आय-व्यय का लेखा प्रस्तुत किया। बैठक में समाज के पंजीयन, पूर्व बैठक की कार्यवाही, आगामी सामाजिक कार्यक्रमों एवं संगठन विस्तार पर चर्चा की गई। समाज के आर्थिक एवं संगठनात्मक पक्ष को मजबूत बनाने पर सहमति बनी। छत्तीसगढ़ लोधी समाज की अगली बैठक आगामी 7 जून को लोधी भवन डोंगरगढ़ में होगी। इस अवसर पर समाज के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा, जयप्रकाश लोधी, कृष्ण सिगौर, जीवन कौशिक, सुरेश सिगौर, किशोर वर्मा, गुनाराम लिल्हारे, भगवती वर्मा, मनहरण कौशिक, संतोष कौशिक आदि मौजूद थे।

## तेजी से घट रहे जलस्तर ने बढ़ाई चिंता

# रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भू-जल स्तर बढ़ाने एवं वर्षा का पानी भूमि में जाने के लिए रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम सशक्त माध्यम है। अतः वर्तमान परिस्थितियों में भू-जल संकट तथा आने वाले भविष्य में पानी की समस्या को ध्यान में रखकर भू-जल को सवंर्धन करने की दिशा में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग का निर्माण किया जाना अति आवश्यक है।

इस संबंध में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने कहा कि आज शहर एवं गांव में तेजी से विकास हो रहा है। भवनों व कालोनियों के विस्तार के कारण पेड़ों की कटाई एवं सीमेंट कांक्रिटिंग रोड निर्माण होने से जमीन के अंदर पानी नहीं पहुंच पाता। जिससे भू-गर्भ में जल की कमी हो गई है। जिससे नदी-तालाब, कुंआ, हैंडपंप का जल स्तर कम हो रहा है, जिस कारण पानी की किल्लत बढ़ती जा रही है। भू-गर्भ में जल स्तर बढ़ाने घरों व भवनों में रेन वॉटर हावेस्टिंग अनिवार्य रूप से लगानी चाहिए। प्रायः यह देखा जा रहा है कि भवन निर्माण के लिए नगर निगम से भवन अनुज्ञा तो प्रदान कर ली जाती है, किन्तु भवन पूर्ण होने पर पूर्णता प्रमाण पत्र जारी करने तथा भवन पूर्ण होने की सूचना नहीं दी जाती है। जिससे यह सुनिश्चित नहीं हो पाता कि भवन में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग निर्मित है अथवा नहीं है।



### सक्रिय हुआ निगम प्रशासन

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि उक्त प्रावधानानुसार तथा भवन अनुज्ञा के शर्तों के तहत नगर पालिक निगम राजनांदगांव द्वारा भवन अनुज्ञाधारी को रेन वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण की सूचना देकर भवन पूर्णता सह अधिभोग प्रमाण पत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत कर भवन पूर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाना सुनिश्चित करने 454 भवन स्वामी को नोटिस जारी किया गया था तथा जिन लोगों के भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण की अनिवार्यता है और उनके द्वारा आज पर्यन्त तक रेन वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण नहीं किया गया, उन भवनों में भवन निर्माण अनुज्ञा प्रकरणों में जमा रेन वाटर हार्वेस्टिंग अमानत राशि का उपयोग करते नगर निगम द्वारा ईआईओ जारी कर 2 निजी एजेंसी मेसर्स एलएस कंट्रक्शन एवं मेसर्स मां बम्लेश्वरी को कार्यदेश जारी कर एजेंसी के माध्यम से निर्माण कराया गया। इन एजेंसी द्वारा 81 भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

### जांच के बाद प्रमाण पत्र देने के निर्देश

प्रावधान यह है कि भवन निर्माण पूर्ण होने पर छग नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 301 में भवन पूर्ण होने का प्रमाण-पत्र जारी किए जाने तथा अधिवासित करने या उपयोग में लाए जाने भवन पूर्णता सह अधिभोग प्रमाण-पत्र लिया जाना आवश्यक है। जबकि रेन वॉटर हार्वेस्टिंग के लिए भवन निर्माण के समय निगम में राशि जमा कराई जाती है और पूर्णता के पहले हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने की जांच कर पूर्णता दी जाती है। यदि सिस्टम नहीं लगाया जाता है तो उनकी राशि राजसात कर निगम द्वारा हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने नोटिस दिया जाता है, नहीं लगाने की स्थिति में निगम में जमा एफडीआर राजसात कर उसी राशि से निगम द्वारा संबंधित के घर या भवन में हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाया जाता है।

### कबीर प्रकटोत्सव 21 को

**बांधाबाजार।** गुण्डरदेही में पनिका समाज द्वारा श्री कबीर प्रकटोत्सव, बरसाती चौका आरती का आयोजन 21मई को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक किया गया है। यह कार्यक्रम महंत दीवान के साधिध्य में होगा। मुख्य अतिथि सांसद संतोष पाण्डे, प्रमुख अतिथि जिपं अध्यक्ष नम्रतासिंह होंगी। अध्यक्षता तीजनबाई करेंगी। विशिष्ट अतिथि दिलीप वर्मा, नेहरू रजक, संदीप मेश्राम, आशीष द्विवेदी, अरुण यादव, रवि नेताम, युवराज नेताम, गोविंददास मानिकपुरी, जागृतदास मानिकपुरी, योग माया साहू, प्रीति चौहान, देवदास मानिकपुरी, मनराखनदास, महेशदास, ज्ञान सिंह कंवर, राधेलाल गौर, शोभाराम, नागेश होंगे।

# युवाओं को शिक्षा से जोड़ने का आव्हान

- सामाजिक अधिवेशन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जेवरतला

चुरगियां मांगलिक प्रांगण देवारभाट में अखिल भारतीय हल्बा- हल्बी आदिवासी समाज ने 21 वां अधिवेशन का आयोजन किया।अधिवेशन में महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उड़ीसा, उत्तरप्रदेश के समाजिक पदाधिकारी शामिल हुए। मुख्य अतिथि विधायक अनिला भेंडिया थी। अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष आरएस नायक ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में डोमेन्द्र भेंडिया, जनकलाल ठाकुर, मंतुराम पवार, जीआर राणा, किशन मानकर, विरेन्द्र चनाप, महेन्द्र काठेवार, चिदाकाश आर्य, मदन बढ़ई, पीआर नाईक, शिवकुमार पात्र, बीएल ठाकुर प्रमुख रूप से शामिल हुए।

उक्त मौके पर मुख्यअतिथि श्रीमती भेंडिया ने कहा कि समाज तभी आगे बढ़ सकता है जब हम शिक्षा की अलख जगाएं और अपने बच्चों को सही संस्कार दें। बदलते दौर में युवाओं को सही मार्गदर्शन की जरूरत है।

मंतुराम पवार ने कहा कि समाज हमारे जीवन का एक अहम हिस्सा है,जिससे एक-दूसरे से जुड़े होते हैं। श्री राणा ने कहा कि समाज में शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक सुधार के लिए प्रयास करना सभी का कर्तव्य है। इस दौरान श्री नायक, लतेल नाईक, विरेन्द्र चनाप, महेन्द्र काठेवार, चिदाकाश आर्य, पीआर नाईक आदि ने सम्बोधित किया।



### सामाजिकजनों का सम्मान

अधिवेशन में जीआर राणा,पीआर नाईक, लतेलराम नाईक, चिरेन्द्र चनाप, महेन्द्र काठेवार आदि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान झुमुक रावटे, नासकेतु चौधरी, पीएल साहरा, यागबली रात्रे, एचएल मानकर, एलआर मानकर, राकेश भेंडिया, अश्वनी नायक आदि बड़ी संख्या में मौजूद थे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### स्काउट-गाइड ने बांटा शीतल जल

**डोंगरगढ़।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल अंतर्गत बीपी स्काउट ग्रुप एवं रानी लक्ष्मीबाई गाइड ग्रुप डोंगरगढ़ ने 17 एवं 18 मई को रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए एक सराहनीय पेयजल सेवा का आयोजन किया। तेज धूप और बढ़ती गर्मी के बीच स्टेशन पर पहुंचने वाले यात्रियों को शीतल एवं स्वच्छ पेयजल वितरित कर राहत पहुंचाई गई। अचानक मिली इस सेवा से यात्रियों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने स्काउट-गाइड के इस प्रयास की खुलकर प्रशंसा की। इस अवसर पर नागपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक दीपक गुप्ता, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक दिलीप सिंह, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्रीमती आर छोरिया ने इस पहल की सराहना की तथा यात्रियों के लिए उपयोगी बताया।

### स्वच्छता को लेकर विशेष पहल, ग्रामीणों को किया गया जागरूक

# ग्राम सभाओं में गूंजा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले की ग्राम पंचायतों में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को लेकर सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश व जिला प्रशासन के आदेश पर जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन कर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम का वाचन किया गया और ग्रामीणों को स्वच्छता, कचरा पृथक्करण व पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

इस दौरान अधिकारियों व पंचायत प्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को बताया कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम एक अप्रैल से प्रभावी हो गया है और इसके पालन की निगरानी सर्वोच्च न्यायालय स्तर पर की जा रही है। गांवों में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने और हर नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर देते हुए उन्होने ग्रामीणों को घर-घर से नियमित कचरा संग्रहण, गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग रखने, प्लास्टिक, पॉलीथिन के उपयोग को कम करने के लिए प्रेरित किया। सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, नालियों, तालाबों और सामुदायिक परिसरों में स्वच्छता बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि स्वच्छ गांव ही स्वस्थ समाज की पहचान है।



#### जिला प्रशासन करेगा सम्मान

ग्राम सभा में यह जानकारी भी दी गई कि अब प्रत्येक घर से शत-प्रतिशत कचरा उठाना व निर्धारित यूजर चार्ज लेना अनिवार्य होगा। साथ ही कचरा जलाने व सार्वजनिक स्थलों पर कचरा फैलाने वालों पर तत्काल जुर्माना लगाने के प्रावधानों के बारे मे बताया गया। सरपंच, पंच, ग्राम सचिव, स्वच्छग्राही दीदियां, जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में शामिल ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से अपने अपने गांवों को स्वच्छ, सुंदर व प्रदूषणमुक्त बनाने में सक्रिय सहयोग का संकल्प लिया। वही जिला प्रशासन ने नियमों के प्रभावी क्रियांवयन के लिए जिला स्तर पर विशेष निगरानी सेल गठित किया है। साथ ही स्वच्छता एवं कचरा प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों को सम्मानित कर गांवों में स्वच्छता को जनआंदोलन का रूप दने का निर्णय लिया है।

# प्राचीन हस्तलिखित पांडुलिपि का कलेक्टर ने किया अवलोकन



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय की महत्वपूर्ण पहल ज्ञान भारतम पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान अंतर्गत जिले में प्राचीन पांडुलिपियों के संरक्षण व दस्तावेजीकरण का कार्य लगातार जारी है।

कलेक्टर इंद्रजीत चंद्रावल के मार्गदर्शन में जिले में संरक्षित प्राचीन पांडुलिपियों का सर्वेक्षण कर ज्ञान भारतम ऐप के माध्यम से उनका पंजीयन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज ठाकुरपारा निवासी सेनि शिक्षक गोपाल सिंह दीक्षित के पास सुरक्षित दुर्लभ प्राचीन पांडुलिपि का अवलोकन कलेक्ट्रेट परिसर में कलेक्टर ने किया। श्री दीक्षित ने बताया कि यह हस्तलिखित पांडुलिपि अवधी भाषा में लिखी गई है, जिसमें घोड़ों से संबंधित विस्तृत जानकारी संकलित है। उन्होंने बताया कि प्राचीन समय में घोड़े आवागमन का प्रमुख साधन हुआ करते थे इसलिए यह ग्रंथ ऐतिहासिक व सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। गोपाल दीक्षित ने सन 1925 ईस्वी के ब्रिटिशकालीन स्टाफ व तत्कालीन दीवान के हस्तलिखित पत्र भी दिखया जिसे अधिकारियों ने ऐतिहासिक धरोहर बताते हुए सराहना की।

#### विरासत की पहचान

कलेक्टर चंद्रवाल ने कहा कि जिले में संरक्षित ऐसी दुर्लभ पांडुलिपियां हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की पहचान हैं। इनके संरक्षण और डजिटलीकरण से आने वाली पीढ़ियों को इतिहास और परंपरा से जुडने का अवसर मिलेगा। इस दौरान जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल, अपर कलेक्टर सुरेंद्र ठाकुर, एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू, प्रभारी प्राचार्य डॉ जितेंद्र कुमार साखेद, प्राध्यापक मंगलानंद झा सहित गोपाल दीक्षित के पारिवारिक सदस्य उपस्थित थे।

# महंगाई ने तोड़ी आम आदमी की कमर

- सरकार खोखले दावों में उलझी : डॉ. भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



शहर में बढ़ती महंगाई पेट्रोल-डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों और रसोई गैस संकट को लेकर कांग्रेस ने भाजपा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अरुण भारद्वाज ने केंद्र और राज्य सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि आज आम जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान है लेकिन सरकार केवल बड़े-बड़े दावे करने में व्यस्त है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल पंपों पर समय पर ईंधन उपलब्ध नहीं होने से लोगों को लंबी कतारों में खड़ा रहना पड़ रहा है. वहीं रसोई गैस सिलेंडर की किल्लत ने गृहिणियों की परेशानी और बढ़ा दी है। महंगाई की मार से गरीब मध्यम वर्ग और किसान सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहा है।

डॉ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान भाजपा विकास और राहत के बड़े-बड़े वादे करती है लेकिन चुनाव खत्म होते ही जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ा दिया जाता है. उन्होंने कहा कि पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार वृद्धि का असर अब हर क्षेत्र में दिखाई दे रहा है। परिवहन महंगा होने से खाद्य सामग्री और रोजमर्रा की जरूरतों के दाम भी लगातार बढ़ रहे हैं।

#### विकसित भारत का सपना भ्रमित

विकसित भारत की बातें करने वाली सरकार बताए कि आखिर देश किस दिशा में जा रहा है। महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है लेकिन सरकार को जनता की परेशानियों से कोई सरोकार नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष ने भाजपा सरकार पर बड़े उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार की नीतियों में आम आदमी की बजाय बड़े कारोबारियों के हित नजर आते हैं। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था दबाव में है बेरोजगारी बढ़ रही है और ऊपर से बढ़ती महंगाई लोगों की मुश्किलें और बढ़ा रही है। डॉ अरुण भारद्वाज ने कहा कि शहर में कई दिनों से गैस सिलेंडर की आपूर्ति प्रभावित है। समय पर स्टॉक नहीं पहुंचने से उपभोक्ताओं को घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि सरकार तत्काल गैस आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त करे और पेट्रोल-डीजल की समस्या का स्थायी समाधान निकाले। यदि जल्द ही महंगाई और ईंधन संकट पर नियंत्रण नहीं किया गया तो पार्टी जनता के साथ सडक पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेगी।

## चुनाव : रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जितेन्द्र यादव ने त्रि-स्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन 2026 के लिए जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच एवं पंच के निर्वाचन कार्य के लिए जनपद पंचायतवार अधिकारियों को रिटर्निंग ऑफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया है। जारी आदेश अनुसार जनपद पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत सरपंच व पंच पद के निर्वाचन कार्य हेतु तहसीलदार राजनांदगांव प्यारेलाल नाग को रिटर्निंग ऑफिसर तथा नायब तहसीलदार राजनांदगांव राकेश नागवंशी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत राजनांदगांव मनीष साहू को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया है। जनपद पंचायत डोंगरगढ़ अंतर्गत पंच पद के निर्वाचन कार्य हेतु तहसीलदार डोंगरगढ़ अमीय श्रीवास्तव को रिटर्निंग ऑफिसर तथा नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ चिराग रामटेके एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डोंगरगढ़ भगवती साहू को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया है।

# पेट्रोल-डीजल की बढ़ी कीमतों के खिलाफ प्रदर्शन



#### केन्द्र सरकार के खिलाफ हल्ला बोल

प्रदर्शन दौरान कांग्रेसियो ने पेट्रोल डीजल की बढ़ती कीमतों को लेकर जोरदार नारेबाजी और केंद्र सरकार पर जनता की जेब पर लगातार बोझ बढ़ाने का आरोप लगाया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अरुण भारद्वाज ने कहा कि पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार वृद्धि से आम आदमी की कमर टूट चुकी है। महंगाई ने गरीब, मजदूर, किसान और मध्यम वर्गीय परिवारों का बजट बिगाड़ दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पांच राज्यों के चुनाव तक पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़ाए गए लेकिन चुनाव खत्म होते ही सीधे तीन रुपये की बढ़ोतरी कर दी गई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी पहले ही अपने भाषणों में इस बात की आशंका जता चुके थे कि चुनावी खर्च की भरपाई जनता की जेब से की जाएगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

पेट्रोल-डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों और बेलगाम महंगाई के विरोध में शहर कांग्रेस कमेटी ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। प्रदेश व जिला कांग्रेस के आह्वान पर कांग्रेस कार्यकर्ता शहर के किल्लापारा स्थित पेट्रोल पंप पहुंचे जहां जमकर नारेबाजी करते हुए महंगाई के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर धरना दिया। इस दौरान प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नीलांबर वर्मा, दीपक देवांगन, जिलाध्यक्ष आरती महोबिया, सूर्यकांत यादव, भरत चंद्राकर, अरशद खान, महिला शहर अध्यक्ष अनुभा चंद्राकर, शेखरदास वैष्णव, पूरन सारथी, महेश यादव, मोहित भांडेकर, किशन रजक, भूपेंद्र वर्मा, सूरज देवांगन, रतन सिंघी, आकाश सिंह, कन्हैया रजक, ईश्वरी वर्मा, राहुल बंजारे, जितेंद्र रजक, राजा लहरे, विनोद सिन्हा, हरिदर्शन ढीमर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

#### दाम काम करने की मांग

विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने कहा कि केंद्र सरकार जनता की समस्याओं से दूर केवल टैक्स वसूली में लगी हुई है। पेट्रोल-डीजल की कीमतों मे वृद्धि का असर परिवहन, खाद्य सामग्री और रोजमर्रा की जरूरतों पर सीधा पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि केंद्र सरकार तत्काल पेट्रोल-डीजल के दाम कम करे और जनता को राहत दे। उन्होने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही महंगाई पर नियंत्रण नहीं किया गया तो कांग्रेस पार्टी सडकों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेगी।

# शिवभक्ति में डूबेगा खैरागढ़, सात दिनों तक गूंजेगी महाशिवपुराण कथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शहर के किल्लापारा स्थित श्री गोपीनाथ मंदिर प्रांगण में 18 से 25 मई तक सात दिवसीय महाशिव पुराण कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह धार्मिक आयोजन स्वर्गीय भावना श्रीवास्तव की प्रथम पुण्यतिथि की पावन स्मृति में आयोजित किया जा रहा है। आयोजन को लेकर क्षेत्र में भक्तिमय माहौल देखने को मिल रहा है।

कार्यक्रम की शुरुआत 18 मई को भव्य कलश यात्रा के साथ होगी, जबकि 19 मई से महाशिवपुराण कथा की अविरल धारा बहेगी। कथा प्रतिदिन शाम 4 बजे से रात 7 बजे तक आयोजित होगी।

कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु सिर पर कलश धारण कर नगर भ्रमण करेंगी। भजन-कीर्तन, ढोल-नगाड़ों और जयघोष के बीच यात्रा मंदिर परिसर पहुंचेगी, जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर कथा का शुभारंभ किया जाएगा।

#### भगवान शिव से जुड़े प्रसंगों का होगा वर्णन

कथा वाचन प्रसिद्ध कथावाचक रूपेश कृष्ण मिश्रा द्वारा किया जाएगा। वहीं परायण कर्ता के रूप में तारकेश्वर चौबे दुर्ग उपस्थित रहेंगे। सात दिनों तक चलने वाली कथा में भगवान शिव से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया जाएगा। कथा के दौरान शिव विवाह, गणेश जन्म, कार्तिकेय जन्म, रुद्र उत्पत्ति, शिव महिमा, शिवरात्रि व्रत और विभिन्न अवतारों की कथाएं श्रद्धालुओं को सुनाई जाएंगी। इस धार्मिक आयोजन के मुख्य यजमान साकेत श्रीवास्तव एवं समृद्धि श्रीवास्तव हैं। आयोजन में विमल श्रीवास्तव, अन्नपूर्णा श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, हर्षा श्रीवास्तव सहित परिवार एवं क्षेत्र के कई श्रद्धालु सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में परिवार सहित पहुंचकर कथा श्रवण करने और धर्म लाभ लेने की अपील की है। कार्यक्रम के अंतिम दिन 25 मई को दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक प्रसादी वितरण भी किया जाएगा।

# निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से समय पर पूरा करना करें सुनिश्चित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने गुरुवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में निर्माण कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिले में अधोसंरचना को मजबूती प्रदान करने सभी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से समय पर पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, लोक निर्माण विभाग सेतु, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जल संसाधन एवं अन्य संबंधित विभागों को निर्माण कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करने कहा। उन्होंने कहा कि कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसे कांट्रेक्टर जो ठीक से कार्य नहीं कर रहे हैं, उनको ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग द्वारा स्वीकृत कार्य तथा निर्माणाधीन कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कार्यों की धीमी प्रगति पर गहरी नाराजगी जाहिर की। डोंगरगढ़ विकासखंड में सड़क निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर एसडीओ डोंगरगढ़ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।



#### निर्माणाधीन कार्यों की ली जानकारी

कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्रों में निर्माणाधीन पुल-पुलिया के स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में जनपद पंचायत अंतर्गत किए जा रहे निर्माण कार्य, जल संसाधन विभाग के जलाशय जीर्णोद्धार, नहर लाईनिंग कार्य के मरम्मत एवं सुधार का कार्य को गुणवत्तापूर्ण तरीके से समय पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा अंतर्गत डीएमएफ, शिक्षा मद, मुख्यमंत्री घोषणा, महिला एवं बाल विकास विभाग, महतारी सदन योजना सहित विभिन्न विकास निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत पूर्ण कार्य तथा प्रगतिरत कार्यों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने यथाशीघ्र कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर शीतल बंसल, समस्त निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# मांगों को लेकर 20 को जिले में बंद रहेगी दवा दुकानें

- एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी बंद को लेकर दी सूचना

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिला दवा विक्रेता संघ ने 20 मई को प्रस्तावित एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी दवा व्यापार बंद को लेकर सीएचएमओ को पत्र सौंपकर अग्रिम सूचना दी। देशभर के दवा व्यापारियों की विभिन्न लंबित मांगों के समर्थन में बंद की सूचना देते हुए उन्होंने कहा कि बंद के दौरान आम लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए आपातकालीन दवा व्यवस्था भी बनाई गई है।

संघ सदस्यो ने बताया कि वह छग केमिस्ट एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन व एआईओसीडी से जुड़ा हुआ है। यह राष्ट्रीय संगठन देशभर के लगभग 12 लाख 40 हजार से अधिक केमिस्ट और दवा वितरकों का प्रतिनिधित्व करता है। दवा व्यापारियों का कहना है कि लंबे समय से केंद्र और राज्य सरकार के सामने उनकी समस्याएं रखी जा रही हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। इससे लाखों छोटे और मध्यम मेडिकल संचालकों की रोजी-रोटी प्रभावित हो रही है।

### ई-फार्मेसी और बड़ी कंपनियों की नीति के खिलाफ नाराजगी

दवा विक्रेता संघ सदस्यों ने कहा कि अवैध रूप से चल रही ई-फार्मेसी और बड़ी कॉरपोरेट कंपनियों द्वारा भारी छूट देकर दवा बेचने की नीति से छोटे व्यापारियों को नुकसान हो रहा है। संघ ने मांग की है कि अवैध ई-फार्मेसी संचालन पर पूरी तरह रोक लगाई जाए और 28 अगस्त 2018 की जीएसआर 817 ई अधिसूचना को वापस लिया जाए। इसके साथ ही बड़ी कंपनियों द्वारा अपनाई जा रही प्रिडेटरी प्राइसिंग यानी जरूरत से ज्यादा छूट देकर बाजार पर कब्जा करने की नीति पर रोक लगाया जाए।

#### बिना पर्ची दवा बिक्री खतरा

संघ का कहना है कि ऑनलाइन दवा बिक्री के कारण कई जगह बिना डॉक्टर की पर्ची के दवाएं आसानी से उपलब्ध हो रही हैं। इससे एंटीबायोटिक और आदत डालने वाली दवाओं का गलत इस्तेमाल बढ़ रहा है। नकली और अप्रमाणित पर्चियों का उपयोग भी बढ़ा है। उन्होंने चिंता जताई कि मरीज और फार्मासिस्ट के बीच सीधा संपर्क नहीं होने से दवा के सही उपयोग की जानकारी लोगों तक नहीं पहुंच पाती जिससे स्वास्थ्य संबंधी खतरा बढ़ सकता हैं। इसके अलावा गलत तरीके से रखी गई या नकली दवाओं का जोखिम भी लगातार बढ़ रहा है। इससे लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ सकता है और एंटी-माइक्रोबियल रेजिस्टेंस यानी एंटीबायोटिक दवाओं का असर कम होने जैसी समस्या भी तेजी से बढ़ रही है।

#### कोविड काल में जारी अधिसूचना वापस लेने की मांग

संघ ने 26 मार्च 2020 की जीएसआर 220 ई अधिसूचना को भी वापस लेने की मांग की है। उनका कहना है कि यह अधिसूचना कोविड-19 महामारी के दौरान आपातकालीन स्थिति को देखते हुए जारी की गई थी लेकिन अब महामारी खत्म हो चुकी है। इसके बावजूद कई जगह इस नियम का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे दवा सुरक्षा नियमों का उल्लंघन हो रहा है। उन्होंने कहा कि दवाएं सामान्य उपभोक्ता वस्तु नहीं हैं, बल्कि सीधे मरीज की जिंदगी और सुरक्षा से जुड़ी होती हैं। वर्तमान व्यवस्था में योग्य डॉक्टर की सलाह और पंजीकृत फार्मासिस्ट की निगरानी में दवाओं का वितरण किया जाता है। यदि इस व्यवस्था में ढिलाई होती है तो इसका सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। संघ ने सीएचएमओ डॉ अशीष शर्मा को यह भी बताया कि जनहित को ध्यान में रखते हुए खैरागढ़ में मदन मेडिकल, फेमस मेडिकल और ओसवाल मेडिकल, गंडई में भावेश मेडिकल, फेमस मेडिकल और प्रीति मेडिकल और छुईखदान क्षेत्र में जयप्रकाश मेडिकल और लक्ष्मी मेडिकल स्टोर्स को आपातकालीन सेवा के लिए अधिकृत किया है ताकि जरूरत पड़ने पर लोग इन मेडिकल स्टोर्स से संपर्क कर दवाएं प्राप्त कर सकेंगे।

### अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत कार्ययोजना जारी

# जनजातीय गरिमा उत्सव अभियान आज से शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा जनजातीय गरिमा उत्सव व जनभागीदारी अभियान के प्रभावी क्रियांवयन को लेकर विस्तृत कार्ययोजना जारी की गई है।

इसका उद्देश्य पीएम जनमन, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान से बढ़ते हुए जनजातीय गरिमा व विकास का उत्सव मनाते हुए जनजातीय समुदायों तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करना, प्रचार प्रसार करना, शिकायत का त्वरित निराकरण करना और ग्राम स्तर पर जनभागीदारी को सशक्त बनाना है। अभियान अंतर्गत 18 से 25 मई तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। 18 मई को जिला स्तर पर जिला कलेक्टर द्वारा जिला, विकासखंड एवं ग्राम स्तर के अधिकारियों का उन्मुखीकरण करते हुए जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में अभियान की शुरुआत की जाएगी। 19 से 25 मई तक संतृप्ति व वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान ग्राम स्तर पर प्रतिदिन संतृप्ति शिविर और स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया जाएंगा जहॉ पात्र हितग्राहियों को आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, मातृ वंदन योजना, जनधन खाता, जाति प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, उज्ज्वला योजना सहित विभिन्न योजनाओं से लाभांवित किया जाएगा।




#### पैदल करेंगे गांव भ्रमण अधिकारी

अभियान तहत 20 मई को पीएम-जनमन, डीए-जगुआ अंतर्गत चयनित ग्रामों में ग्राम संपर्क गतिविधि आयोजित की जाएगी। इस दौरान अधिकारी, कर्मयोगी और गैर शासकीय संगठन के लोग गांवों में पैदल भ्रमण कर वास्तविक स्थिति का अवलोकन करेंगे, ग्रामीणों को जागरूक करेंगे और जनसुनवाई की तिथि की जानकारी देंगे। 21 से 23 मई तक चयनित ग्रामों, सेवा केंद्रों में जनसुनवाई आयोजित होगी जिसके माध्यम से शिकायतों के त्वरित निराकरण, अधिकारों के संरक्षण और समस्याओं के समाधान को लेका रोज गतिविधियां संचालित की जाएंगी। 24 मई को अभियान अंतर्गत संपादित कार्यों का अभिलेखीकरण किया जाएगा। वहीं 25 मई को समीक्षा, ब्रीफिंग कार्यक्रम होगा। इसमें जनसुनवाई से संबंधित प्रगति रिपोर्ट कार्ड तैयार किया जाएगा, जिनमें प्राप्त शिकायतें, निराकृत प्रकरण, लंबित मामले, जिम्मेदार अधिकारी व कारवाई की तिथि जैसी जानकारी शामिल होगी। अभियान के समापन बाद कलेक्टर एवं सहायक आयुक्त आदिवासी विकास द्वारा विकासखंड व विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर आगामी रणनीति व अभियान की गति बनाए रखने पर चर्चा होगी।

# 132 केव्ही उपकेंद्र में आई खराबी, पूरे शहर में तीन घंटे बिजली आपूर्ति रही ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पार्रीनाला स्थित 132 केव्ही उपकेंद्र में तकनीकी खराबी आने के चलते सोमवार दोपहर लगभग सवा तीन बजे पूरे शहर में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। भीषण गर्मी के बीच बिजली बंद होने से लगभग 3 घंटे उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल होते रहे। इस दौरान बिजली विभाग के खिलाफ लोगों का गुस्सा सोशल मीडिया पर फूटता रहा। इधर बिजली विभाग का अमला मेंटेनेंस कार्य के लिए घंटों जुटा रहा।

शहर के पार्रीनाला स्थित 132 केव्ही उच्चदाब विद्युत उपकेंद्र के मुख्य पैनल की केबल जल जाने के कारण शहर में बिजली आपूर्ति प्रभावित हो गई। घटना की सूचना मिलते ही विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और इंजीनियरों की विशेष टीम तुरंत मौके पर पहुंची और प्रभावित क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था को दोबारा चालू करने के लिए सुधार कार्य शुरू किया गया। इस दौरान भिलाई से भी तकनीकी सुधारक पहुंचे थे। विद्युत विभाग द्वारा जले हुए पैनल केबल को बदलने और सिस्टम को दुरुस्त करने का काम किया गया। लगभग 2 दर्जन लोगों की घंटों मशक्कत के बाद बिजली व्यवस्था सुचारू हुई।

हालांकि भीषण गर्मी के बीच तीन से चार घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप रहने के चलते लोगों को काफी परेशान रहना पड़ा। पिछले कुछ समय से लगातार हो रहे बिजली आपूर्ति में कटौती के चलते लोगों की विभाग को लेकर नाराजगी भी बढ़ती जा रही है। वहीं शिकायत के बाद भी समाधान नहीं होने से भी लोग नाराज है।

## मरम्मत के लिए भिलाई से भी पहुंचे इंजीनियर, पांच घंटे चला सुधार कार्य

### शहर के अलग-अलग क्षेत्र में बहाल होती गई बिजली, लोग हुए परेशान

बिजली बंद होते ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शहर के सभी क्षेत्रों से लोग विभाग के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते रहे। सभी तरफ से बिजली आपूर्ति बंद होने के मैसेज आते रहे। बिजली विभाग द्वारा सुधार कार्य किए जाने के चलते एक-एक कर शहर के अलग-अलग क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बहाल होती चली गई। इस बीच कई क्षेत्रों में तीन-चार घंटे बाद बिजली आई। जिससे लोगों ने राहत की सांस ली।

### खास बातें

- स्थानीय अधिकारी भी रहे उपस्थित
- बिजली बहाल होने से लोगों ने ली राहत की सांस



### कॉल ऑपरेटर लाइन भी ठप

भीषण गर्मी के बीच शहर में बिजली आपूर्ति बंद होने के बाद लोग विद्युत विभाग के नंबरों पर कॉल करते रहे, लेकिन हमेशा की तरह कहीं भी फोन नहीं लग रहा था। ज्यादातर नंबर व्यस्त और बंद आ रहे थे। ऐसे में बिजली कब तक आएगी, इसको लेकर भी लोग आक्रोशित हो रहे थे। इसी बीच बिजली विभाग के माध्यम से 132 केव्ही लाइन में तकनीकी खराबी का मैसेज सार्वजनिक किया गया।

## सार समाचार

### किसानों को 1.86 करोड़ रुपए का भुगतान

**राजनांदगांव।** भारत सरकार की प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) योजना अंतर्गत जिले में दलहन एवं तिलहन फसलों की समर्थन मूल्य पर खरीदी का कार्य निरंतर जारी है। अब तक जिले में चना, मसूर, सरसों, अरहर एवं सोयाबीन फसलों का उपार्जन केन्द्रों में विक्रय किया जा चुका है। जिसमें 428 कृषकों को लगभग 1.86 करोड़ रुपए की राशि उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की जा चुकी है। शेष राशि के भुगतान की प्रक्रिया जारी है। उप संचालक कृषि टीकम सिंह ठाकुर ने बताया कि जिले में प्रधानमंत्री आशा योजना के तहत प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों के 15 उपार्जन केन्द्रों तथा एक एफपीओ स्वर्ण उपज महिला किसान उत्पादक प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड सुकुलदैहान द्वारा दलहन-तिलहन फसलों की खरीदी की जा रही है। जिले में चना के पंजीकृत 8942 हेक्टेयर रकबे से 10717.50 क्विंटल, मसूर के 2238 हेक्टेयर रकबे से 1510 क्विंटल, सरसों के 830 हेक्टेयर रकबे से 490 क्विंटल, अरहर के 127 हेक्टेयर रकबे से 413 क्विंटल तथा सोयाबीन के 399 हेक्टेयर रकबे से 7350 क्विंटल उपज की खरीदी की जा चुकी है। राज्य सरकार द्वारा नाफेड के माध्यम से दलहन एवं तिलहन फसलों की खरीदी की जा रही है।

### छत्तीसगढ़ के प्रथम हॉकी कोच बने मृणाल



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ के अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी एवं प्रशिक्षक मृणाल चौबे ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ लेवल-1 हॉकी कोचिंग कोर्स सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर प्रदेश को गौरवान्वित किया। इस उपलब्धि से उन्होंने न केवल अपने व्यक्तिगत करियर में नया आयाम जोड़ा है, बल्कि छत्तीसगढ़ हॉकी के विकास को भी नई दिशा प्रदान की है और प्रदेश का मान भी बढ़ाया है। मृणाल इससे पूर्व राष्ट्रीय क्रीड़ा संस्थान पटियाला से स्पोर्ट्स कोचिंग में डिप्लोमा प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल कर चुके हैं। वर्तमान में वे रुद्राक्षम्-वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में युवा खिलाड़ियों को निःशुल्क हॉकी प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। जिससे अनेक प्रतिभाशाली खिलाड़ी लाभान्वित हो रहे हैं।

### पुस्तक विमोचन व वरिष्ठ साहित्यकार का सम्मान

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग (छग शासन) का जिला स्तरीय साहित्यिक आयोजन रायपुर के न्यू सर्किट हाउस सिविल लाइन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में साहित्यिक धरा, संस्कारधानी नगरी के कवि/साहित्यकारों व लोक कलाकारों ने अपनी उपस्थित दी।




कार्यक्रम में विशेष अतिथि पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू, रायपुर विधायक सुनील सोनी, धरसीवा विधायक अनुज शर्मा, इतिहासकार डॉ. रमेंद्रनाथ मिश्र आदि शामिल थे। अतिथियों सहित छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा, सचिव अभिलाषा बेहार, शशि दुबे, ठाकुर महेंद्र सिंह ने डेढ़ दर्जन छत्तीसगढ़ी साहित्य से संबंधित पुस्तकों का विमोचन कर वरिष्ठ कवि आत्माराम कोशा का शाल व श्रीफल से सम्मान किया। इस अवसर पर शत्रुघन सिंह राजपूत की आखर वंदन पुस्तक भी विमोचित हुई। कवि पप्पू पौर्वात्य कलिहारी, थनवार निषाद ने कवि व साहित्यकारों से रूबरू हुए। इस दौरान डॉ. पीसी लाल यादव, कवि मीर अली, विजय मिश्रा, चंद्रशेखर शर्मा, चेतन भारती समेत अन्य लोग शामिल थे। उक्त जानकारी छत्तीसगढ़ साहित्य सृजन समिति के सचिव मानसिंह ने दी।

### अवैध रूप से शराब बिक्री, 43 पौवा बरामद

**राजनांदगांव।** अवैध रूप से शराब बिक्री करने के आरोपी को पकड़कर पुलिस ने 43 पौवा सवा शेरा देशी शराब बरामद कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 17 मई को पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम बोईरडीह प्राथमिक शाला भवन के बाउंड्री के पास अवैध रूप से आरोपी शराब बिक्री कर रहा है। सूचना प्राप्त होने पर तत्काल चौकी चिखली पुलिस ग्राम बोइरडीह प्राथमिक शाला स्कूल को चारो तरफ से घेराबंदी कर मौके पर आरोपी उगेश पारधी 33 साल साकिन बोरईरडीह को शराब अवैध रूप से बिक्री करते हुए पाया गया। आरोपी के कब्जे से 43 पौवा सवा शेरा देशी शराब कीमती 3440 रुपए एवं बिक्री रकम 200 रुपए जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय में पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया। उक्त कार्रवाई में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक कैलाशचंद्र मरई, प्रधान आरक्षक अरूण नेताम, महिला प्रधान आरक्षक वंदन पटले, आरक्षक आदित्य सोलंकी, गोपाल पैकरा, सुनील बैरागी एवं चौकी चिखली स्टाफ का महत्वपूर्ण भूमिका व सराहनीय योगदान रहा है।

### दाई के दुलरवा का आयोजन 21 को

**पटेवा।** ग्राम पटेवा में आगामी 21 मई को ग्राम पंचायत एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में दाईं के दुलरवा नवरत्न जस झांकी परिवार पटपर धर्मनगरी डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव का कार्यक्रम रात्रि 8 बजे से मानस मंच प्रांगण आजाद चौक पटेवा में रखा गया है। जिसकी तैयारी आयोजक समिति द्वारा की जा रही है। सरपंच लक्ष्मी रविलाल वर्मा, उपसरपंच विरेन्द्र हिरवानी ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील क्षेत्र के नागरिकों से की है।

### स्पीच पैथोलाजिस्ट-डे पर रजनी का सम्मान

**राजनांदगांव।** नेशनल स्पीच पैथोलॉजिस्ट-डे के अवसर पर स्पीच थैरेपी विशेषज्ञ रजनी राठी को शहर के सुप्रसिद्ध चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉ. नरेंद्र गांधी द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह सत्य दर्शन परिवार द्वारा आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में बच्चों के संवाद, विकास और स्पीच थैरेपी के महत्व पर भी चर्चा की गई। इस दौरान लोगों ने कहा कि स्पीच थैरेपी बच्चों और परिवारों के जीवन में आत्मविश्वास और नई उम्मीद जगाने का माध्यम है। कार्यक्रम में कमलेश यादव, दीपक राठी, भगवती साहू, गुंजा यादव, करीना, हेमलता मरकाम, देविका रजक एवं साधना सिन्हा



## नामांकन रैली के साथ भाजपा ने झोंकी ताकत

# घुमका की बदलेगी तस्वीरः अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

घुमका में भाजपा ने नगर पंचायत चुनाव के लिए अध्यक्ष उम्मीदवार किरण वर्मा सहित सभी 15 वार्ड पार्षदों के साथ सैकड़ों कार्यकर्ताओं की भव्य नामांकन रैली निकाली।

भाजपा मीडिया सेल के अनुसार सोमवार सुबह 11 बजे से भाजपा की हुंकार रैली विभिन्न वार्डों से बाजार चौक होते हुए बस स्टैंड होते वापस कार्यक्रम स्थल पहुंची, जहां आयोजित सभा को संबोधित करते पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने विष्णुदेव साय एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपलब्धियों को बताते कहा कि आज घुमका को विकास के पथ पर अग्रसर करने हेतु भाजपा प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि घुमका में कांग्रेस विधायक ने कभी कोई कार्य नहीं किया, परंतु जैसे ही भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार आई 8 करोड़ के काम वार्डों में चल रहे हैं, यह तो अभी शुरूआत है। आगे और बड़ी योजना एवं विकास कार्यों का आगाज होगा। जिससे घुमका का सर्वांगीण विकास होगा। अभिषेक सिंह ने सभी 15 पार्षद एवं अध्यक्ष उम्मीदवार किरण वर्मा का अभिनंदन किया।

### सर्वांगीण विकास का लिया संकल्प

सभा को भरत वर्मा, रामजी भारती, विनोद खांडेकर, खूबचंद पारख, कोमल जंघेल, महापौर मधुसूदन यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने भी संबोधित किया। सभी ने मतदाताओं से आह्वान करते ट्रिपल इंजन की सरकार बनाकर घुमका का सर्वांगीण विकास करने का संकल्प लिया।



### भारत माता की जय की गूंज

चुनाव संचालक मधुसूदन यादव ने बताया कि अध्यक्ष प्रत्याशी के साथ सभी घोषित 15 प्रत्याशी पैदल-पैदल आगे चल रहे थे। डीजे और बड़ी संख्या में मातृशक्ति नामांकन रैली में भारतमाता की जयघोष के नारे लगाते उत्साह एवं जोश के साथ चल रही थी। नामांकन रैली अवंती चौक से आजाद चौक और बस स्टैंड होते महाराणा प्रताप चौक से वापस कार्यक्रम स्थल पहुंची। इस दौरान प्रत्येक वार्ड में मतदाताओं ने फूल-मालाओ एवं पुष्प वर्षा से प्रत्याशियों एवं नेताओं का स्वागत किया। सभा का संचालन परदेसी राम सोनबोईर तथा आभार प्रदर्शन नोहेन्द्र सिन्हा ने करते 15 प्रत्याशियों को कमल फूल के बटन पर मतदान करने का आह्वान किया।

### मंदिरों में की पूजा एवं मूर्तियों पर किया माल्यार्पण

नामाकंन रैली के दौरान बीच में आने वाली वीर शहीद अवंतीबाई, महाराणा प्रताप सिंह एवं मंदिरों में पार्षद प्रत्याशियों द्वारा माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया। सभा एवं नामांकन रैली में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, चुनाव संयोजक मधुसूदन यादव, चुनाव प्रभारी ललित चंद्राकर, संगठन प्रभारी जितेंद्र वर्मा, डोंगरगढ़ प्रभारी जितेंद्र साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, विनोद खांडेकर, रामजी भारती, खूबचंद पारख, भरत वर्मा, किरण वैष्णव, दिनेश गांधी, किरण बारले, पूर्णिमा साहू, मनोज निर्वाणी, योगेशदत मिश्रा, सौरभ कोठारी, भावेश बैद, डिकेश साहू, राजेन्द्र गोलछा, राजेश श्यामकर, तरुण लहरवानी, अरुण शुक्ला, नरेन्द्र वर्मा, ललित, जनक साहू, केशव जंघेल, नोहेन्द्र सिन्हा, अजय ठाकुर, बहुर साहू, विनोद बारले एवं संगठन से मंडल प्रभारी अमर लालवानी तथा मूलचंद भंसाली उपस्थित थे।

### चोरी का अरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने चोरी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया। वहीं अवैध रूप से शराब बिक्री एवं सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने के मामले में आरोपियों पर कार्रवाई की गई है।

सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसका ड्रायवर कमलेश साहू उसके ट्रक के दो नग टायर डिस्क, दो नग बैटरी, जेक, जेक राड, डीजल, लोहे का बत्ता 3 नग, लकड़ी पटिया 4 नग कीमती 90,000 को चोरी कर ले गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी कमलेश साहू उर्फ सोनू 26 साल निवासी ग्राम मतिहनी जिला सिधी मप्र को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

### अवैध रूप से शराब बिक्री, 16 पौवा जब्त

इसी तरह नशे के विरुद्ध एवं असमाजिक तत्वों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत ग्राम सोमनी में ग्राम सांकरा मोड के पास अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहे आरोपी इन्द्रेश देशलहरे 24 साल निवासी ग्राम ठेकवा के कब्जे से 16 पौवा देशी प्लेन मशाला शराब कीमती 1600 एवं बिक्री रकम 200 को जब्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34(ए)(ख) आबकारी एक्ट की कार्रवाई किया गया एवं ग्राम ठेकवा व अंजोरा में सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन करने वाले आरोपी दुर्गादास साहू 26 साल व किशन लाल साहू 57 साल के विरुद्ध कार्रवाई किया गया है।

# बढ़ती महंगाई के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, व्यापारी और ग्राहकों से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाने के बाद खाद्य वस्तुओं के दामों में भी बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। लगातार बढ़ती हुई महंगाई को लेकर केंद्र सरकार को घेरने के लिए शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा बाजार क्षेत्र में व्यापारियों और ग्राहकों से कांग्रेस पदाधिकारी ने चर्चा की। मध्यम वर्गीय ग्राहकों पर महंगाई की मार से कांग्रेस कार्यकर्ता वाकिफ हुए।



कांग्रेस कमेटी द्वारा केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ चार दिवसीय जन आंदोलन चलाया जा रहा है। अपने प्रदर्शन के दूसरे दिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आज शहर के गुड़ाखू लाइन सहित अन्य क्षेत्रों में पहुंचकर महंगाई के मुद्दे पर स्थानीय व्यापारियों से चर्चा की और खाद्य वस्तुओं के बढ़े दामों की जानकारी ली।

### घट रही ग्राहकों की क्रय क्षमता

केंद्र सरकार के खिलाफ आयोजित प्रदर्शन को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि देश की जनता लगातार महंगाई के बोझ तले दबती जा रही है। इसमें दुकानदारों की लागत बढ़ गई है और मुनाफा दर कम हो गया है। वहीं ग्राहकों की क्रय क्षमता घट गई है। उन्होंने कहा कि महंगाई की मार से सीधे आम जनता प्रभावित हो रही है।

### केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी

कांग्रेस द्वारा बैनर-पोस्टर के माध्यम से आयोजित प्रदर्शन के दौरान केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बढ़ी हुई महंगाई दरों को वापस लेने मांग की। कांग्रेस के प्रदर्शन में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कमलजीत सिंह पिंटू, विपिन यादव, इकरामुद्दीन सोलंकी, भागवत साहू, अशोक पंजवानी, पदम कोठारी, इम्मन देवांगन, डॉ. आरकुमार, विशु अजमानी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# जिले का दवा व्यापार कल पूर्णतः बंद

**राजनांदगांव।** देशव्यापी केमिस्ट हड़ताल के समर्थन में अविभाजित राजनांदगांव जिले का दवा व्यापार 20 मई को पूर्णतः बंद रहेगा। देश के लगभग 12.40 लाख केमिस्ट्स पूर्ण जोश, उत्साह, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के साथ इस ऐतिहासिक आंदोलन को सफल बनाने दिन-रात कार्य कर रहे हैं।

प्रत्येक राज्य, जिला, तहसील और गांव तक अभूतपूर्व जागरूकता एवं एकजुटता का वातावरण दिखाई दे रहा है। यह आंदोलन केवल व्यापार बचाने का आंदोलन नहीं है, बल्कि देश की करोड़ों जनता की स्वास्थ्य सुरक्षा, युवाओं को नशे से बचाव, दवाओं की शुद्धता, मरीजों की गोपनीयता तथा नियंत्रित एवं जवाबदेह दवा व्यवस्था को बचाने का राष्ट्रीय अभियान है। उपरोक्त जानकारी दवा विक्रेता संघ के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से अध्यक्ष अतुल जैन व सचिव दशरथ प्रसाद शर्मा ने दी।



**तीन प्रमुख मांगे :** केमिस्टों की सरकार से तीन प्रमुख एवं न्यायसंगत मांगों में अवैध एवं अनियंत्रित ई-फार्मेसी संचालन को बढ़ावा देने वाली अधिसूचना जीएसआर 817 (ई) 28 अगस्त 2018 को तत्काल वापस लेने, डोर डिलीवरी अधिसूचना जीएसआर 220 (ई) 26 मार्च 2020 को निरस्त करने तथा बड़ी कॉर्पोरेट ई-फार्मेसी (ऑनलाइन) कंपनियों द्वारा किए जा रहे अनुचित एवं विनाशकारी (शिकारी मूल्य निर्धारण) मूल्य निर्धारण पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाना शामिल है।

# सरपंच सहित अन्य के खिलाफ मारपीट का आरोप, कार्रवाई की मांग

**राजनांदगांव।** टेडेसरा निवासी मनोज कुमार साहू ने विधानसभा अध्यक्ष एवं एसपी के नाम एक ज्ञापन देकर पंच-सरपंच सहित आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

प्रार्थी मनोज साहू ने कहा कि बीते 14 मई को ग्राम पंचायत टेडेसरा के सरपंच खिलेश्वर साहू, पंच मनोज साहू, पंच नारायण निषाद, अजय साहू, रवि साहू, सुदर्शन मानिकपुरी, प्रदीप गुप्ता और शत्रुघ्न मानिकपुरी एक राय होकर आए और मेरे शर्ट का कालर पकडकर मेरे पास जेब में रखे नगदी रकम 20 हजार रुपए, एटीएम कार्ड छीन लिए और मारपीट की। पीड़ित ने कहा कि सभी व्यक्ति को सरपंच द्वारा बुलाया गया था। घटना के बाद संबंधित थाना में रिपोर्ट भी दर्ज कराया गया है। पीड़ित ने कहा कि उसका किसी प्रकार का सरपंच से कोई विवाद नहीं है।

# अवैध उत्खनन व परिवहन पर 1 जेसीबी व 4 हाईवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा जिले में खनिज का अवैध, भंडारण, उत्खनन एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में खनिज विभाग की टीम द्वारा डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम धारा, मोहारा तथा राजनांदगांव तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ठेलकाडीह, इरईकला, घुमका का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान रेत व मुरूम का अवैध उत्खनन व परिवहन करने पर 1 जेसीबी एवं 4 हाईवा को जब्त किया गया। इसके अंतर्गत मनीष चंद्राकर के स्वामित्व के जेसीबी सीजी 08 पी 8112 से वाहन चालक विशाल वर्मा द्वारा मुरूम का अवैध उत्खनन एवं हाईवा सीजी 08 बीए 9700 से वाहन चालक विजय गेंड्रे द्वारा मुरूम का अवैध परिवहन करने पर कार्रवाई करते थाना मोहारा को सुपुर्द किया गया। पुरानिक सोनवानी के स्वामित्व के हाईवा सीजी 08 बीसी 3622 से वाहन चालक प्रहलाद पाल द्वारा रेत का अवैध परिवहन करने पर कार्रवाई करते थाना ठेलकाडीह को सुपुर्द किया गया।



इसी तरह दीनदयाल के स्वामित्व के हाईवा सीजी 08 एक्यू 6676 से वाहन चालक दीनदयाल एवं हाईवा सीजी 08 एजे 9270 से वाहन चालक अनिल द्वारा मुरूम का अवैध परिवहन करने पर कार्रवाई करते थाना घुमका को सुपुर्द किया गया।

# शक्ति प्रदर्शन, अध्यक्ष सहित प्रत्याशियों ने भरा नामांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

घुमका नगर पंचायत चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने आज अभूतपूर्व शक्ति प्रदर्शन करते अध्यक्ष पद प्रत्याशी फूलमती वर्मा सहित सभी 15 वार्डों के अधिकृत प्रत्याशियों का नामांकन दाखिल कराया। पूरे नगर में कांग्रेस की नामांकन रैली जनसमर्थन, उत्साह और संगठनात्मक मजबूती का केंद्र बनी रही।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सर्वप्रथम जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन यादव, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व मंत्री धनेश पाटिला एवं पूर्व जिला अध्यक्ष नवाज खान, पदम कोठारी, भागवत साहू, श्रीकिशन खंडेलवाल ने वरिष्ठ कांग्रेसजनों की उपस्थिति में चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया। इसके पश्चात कार्यालय से कांग्रेस पार्टी की विशाल नामांकन रैली निकाली गई। जिसमें पार्टी के झंडे, गगनभेदी नारे, ढोल-नगाड़े और बाजे-गाजे के साथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आम जनता का उत्साह देखते ही बन रहा था।



### बढ़ती महंगाई से जनता त्रस्त

सभा को संबोधित करते जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन यादव, विधायक दलेश्वर साहू, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, यशोदा वर्मा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार, पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, पूर्व जिला अध्यक्ष नवाज खान, पूर्व महापौर नीता लोधी एवं अध्यक्ष पद प्रत्याशी फूलमती वर्मा ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते कहा कि आज देश और प्रदेश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, गैस-पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि तथा जनसमस्याओं से आम जनता त्रस्त है। भाजपा की नीतियों ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। जबकि कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज बनकर संघर्ष कर रही है।

### जगह जगह रैली का किया स्वागत

रैली नगर के विभिन्न वार्डों का भ्रमण करते गांधी प्रतिमा स्थल पहुंची। इस दौरान नगरवासियों ने जगह-जगह कांग्रेस प्रत्याशियों का स्वागत कर समर्थन व्यक्त किया। अध्यक्ष पद प्रत्याशी फूलमती वर्मा एवं सभी वार्ड प्रत्याशियों ने कांग्रेस जिला अध्यक्ष विपिन यादव एवं कार्यकर्ताओं के साथ रैली मार्ग पर आमजनता से संपर्क कर कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशियों को विजयी बनाने की अपील की तथा नगर के विकास, पारदर्शिता एवं जनभागीदारी आधारित नगर सरकार बनाने का संकल्प दोहराया। गांधी प्रतिमा स्थल पहुंचने पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके उपरांत ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राममूरत वर्मा द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया।



## खबर संक्षेप

### पीजी कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन



**कवर्धा।** आचार्य पंथ श्री गृन्ध मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा में 20 एवं 21 मई को दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय बहुविषयक शोध संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। संगोष्ठी का विषय वैश्वीकरण का बहुआयामी प्रभाव विज्ञान, व्यापार एवं संस्कृति रखा गया है। इस आयोजन में देश-विदेश के विद्वान, शोधकर्ता एवं शिक्षाविद भाग लेंगे। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के कला एवं वाणिज्य संकाय द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है, संगोष्ठी के संरक्षक महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ ऋचा मिश्रा हैं। कार्यक्रम के संयोजक नरेंद्र कुमार कुलमित्र तथा सचिव मुकेश कुमार कामले हैं। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ अनुपमा अस्थाना, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा दुर्ग संभाग उपस्थित रहेंगी। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में गोपाल वर्मा कलेक्टर शामिल होंगे। विशेष अतिथि के रूप में रिंकेश वैष्णव एवं अजय ठाकुर उपस्थित रहेंगे। संगोष्ठी में रूस, चीन एवं भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयों से आए विद्वान अपने व्याख्यान देंगे। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ संजय तिवारी तथा श्रोत व्यक्तियों के रूप में डॉ संतोष वर्मा, डॉ गजेंद्र सिंह, डॉ सियाराम शर्मा एवं डॉ अजय कुमार राय डॉ चंदन गोस्वामी अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में तकनीकी सत्र, शोध पत्र वाचन, विशेष व्याख्यान एवं प्रमाण पत्र वितरण जैसे आयोजन होंगे। महाविद्यालय परिवार ने शोधार्थियों, प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने की अपील की है।

### ब्लॉक कांग्रेस की परिचर्चा बैठक संपन्न



**पंडरिया।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पंडरिया की मासिक बैठक दुर्जाबंद स्थित गुप्ता सामुदायिक भवन में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम साहू के नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक में महिला आरक्षण बिल लागू नहीं किए जाने, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी एवं स्थानीय समस्याओं को लेकर केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना की गई। बैठक में 19 मई को लोरमी रोड प्रकाश पेट्रोल पंप के पास आयोजित एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया गया। पूर्व प्रदेश कांग्रेस महामंत्री अर्जुन तिवारी ने किसानों और युवाओं की समस्याओं को उठाते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं से आंदोलन में सक्रिय भागीदारी की अपील की। वहीं जिला पंचायत सदस्य अन्नपूर्णा रामगोपाल ने महिला आरक्षण लागू नहीं होने को महिलाओं के साथ अन्याय बताया। बैठक में आनंद सिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थें।

### समाज का ऐतिहासिक एवं सर्वसम्मति निर्णय



**कोलेगांव।** सभी समाजों के लिए बन रहा प्रेरणादायक उदाहरण ग्राम सतनामी समाज बसनी द्वारा आयोजित सामाजिक बैठक में समाजहित, सामाजिक सुधार एवं आपसी भाईचारे को मजबूत बनाने हेतु कई महत्वपूर्ण निर्णय सर्वसम्मति से लिए गया। समाज द्वारा निर्णय लिया गया कि आज से मृत्यु भोज एवं कफन प्रथा पूर्ण रूप से बंद की जाती है। यह कदम समाज में अनावश्यक खर्च, आर्थिक बोझ एवं सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने की दिशा में उठाया गया एक ऐतिहासिक निर्णय है। बैठक में समाज की एकता, शांति एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने हेतु निम्न सामाजिक नियम भी पारित किए गए जिसमें सामाजिक नियम एवं संकल्प, सामाजिक स्तर पर कोई भी व्यक्ति गाली-गलौच या अपमानजनक व्यवहार नहीं करेगा, समाज के सभी लोगों को मिल-जुलकर सामाजिक सहयोग एवं भाईचारा बनाए रखना होगा, किसी भी पुरानी रंजिश, विवाद या मनमुटाव को आगे नहीं बढ़ाया जाएगा व कोई भी व्यक्ति समाज की सामाजिक सौहार्दता एवं एकता को बिगाड़ने का प्रयास नहीं करेगा तथा समाज में शांति, अनुशासन, सम्मान एवं आपसी प्रेम बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी होगी। साथ ही साथ नियम उल्लंघन पर कार्यवाही यदि कोई व्यक्ति समाज द्वारा बनाए गए इन नियमों का पालन नहीं करता है, तो समाज की सर्वसम्मति से उस पर आर्थिक दंड लगाया जा सकता है तथा आवश्यकता पड़ने पर समाज से बहिष्कार जैसी कार्यवाही भी की जा सकती है।

### लक्ष्य छग संगठन का शपथ ग्रहण समारोह



**कवर्धा।** लक्ष्य छत्तीसगढ़ संगठन जिला इकाई कबीरधाम का शपथ ग्रहण समारोह उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी, समाज के गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थें। समारोह में नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष लोधी जीवन कौशिक सहित समस्त कार्यकारिणी सदस्यों को संगठन के प्रति निष्ठा, समाज सेवा तथा संगठनात्मक मर्यादाओं के पालन की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण कार्यक्रम वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति में विधिवत सम्पन्न हुआ। शपथ ग्रहण करने वाले पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष यशवंत कौशिक एवं सुभाष कौशिक, सचिव रामफल कौशिक, कोषाध्यक्ष धनेश कौशिक, प्रचार सचिव पुरुषोत्तम कौशिक शामिल थें। साथ ही मनोनीत पदों पर संयोजक भागवत कौशिक, अंकेक्षक संजीव कौशिक, संगठन सचिव कौशल कौशिक, शैक्षणिक प्रभारी अनिल कौशिक, सांस्कृतिक प्रभारी नेमीचंद कौशिक, क्रीड़ा प्रभारी रोशन कौशिक तथा कार्यकारिणी सदस्य कैलाश कौशिक, बहोरन कौशिक ने भी अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी एवं समर्पण भाव से करने का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष जीवन कौशिक ने संगठन की एकता, सामाजिक जागरूकता एवं युवा सहभागिता को और अधिक मजबूत बनाने पर बल दिया।

# महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा व राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर हुई परिचर्चा

■ शिक्षण संस्थानों के लिए एक अत्यंत अनुकरणीय पहल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुई कुकदूर

शासकीय नवीन महाविद्यालय कुई-कुकदूर में ज्ञान-पथ, सरस्वती मुक्ताकाश मंच का उद्घाटन एवं भारत, भारतीयता तथा भारतीय ज्ञान परंपरा एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर परिचर्चा संपन्न हुआ।

वहीं अतिथियों का भारतीय वनवासी संस्कृति के अनुरूप स्वागत व छत्तीसगढ़ के बैगा जनजाति बाहुल्य वनवासी क्षेत्र में शिक्षा एवं नवाचार की अलख जगाने को प्रतिबद्ध शासकीय नवीन महाविद्यालय कुई कुकदूर में 16 मई को उद्घाटन समारोह एवं परिचर्चा में उपस्थित प्रो.संजय तिवारी, कुलगुरु, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग एवं प्रो. टोपलाल वर्मा प्रांत संघचालक, छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का महाविद्यालय के द्वार पर भारतीय वनवासी परंपरानुसार चरण प्रक्षालन कर स्वागत किया गया। सरस्वती माता का पूजन तत्पश्चात माता सरस्वती की मूर्ति पर पुष्पांजलि के साथ पूजा अर्चना की गई। विज्ञान पथ का उद्घाटन

तदोपरांत महाविद्यालय में निर्मित ज्ञान पथ का उद्घाटन अतिथियों द्वारा किया गया। इस ज्ञान पथ पर पुरातन में भारत के प्रसिद्ध आवासीय विश्वविद्यालयों की जानकारी के साथ भारतीय ज्ञानार्षियों, भारतीय ज्ञानार्षियों की विस्तृत जानकारी, पंचकोश की विस्तारपूर्वक जानकारी, भारतीय ज्ञानार्षियों के ग्रंथ एवं उनका आज के विषयों के साथ तर्कपूर्वक सम्मिश्रण, पुरानी शिक्षा पद्धति एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में बाएं एवं दाएं मस्तिष्क का उपयोग के साथ भारतीय ज्ञान परंपरा पर पाश्चात्य वैज्ञानिकों के विचार की जानकारी दीवारों पर प्रदर्शित की गई है। कार्यक्रम में प्राध्यापक, कर्मचारी व बड़ी संख्या में विद्यार्थी गण उपस्थित थें।

### गुरुकुल परंपरानुरूप निर्मित सरस्वती मुक्ताकाश मंच का उद्घाटन



अतिथियों द्वारा महाविद्यालय के प्रांगण में वृक्षों के छांव में भारतीय ज्ञान परंपरा के अनुकूल गुरुकुल परंपरा पर आधारित सरस्वती मुक्ताकाश मंच का विधिवत उद्घाटन किया गया। यह मंच चार दिवारी से बाहर, नीले गगन के तले, पेड़ों की छांव में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु पाठ्यक्रम के अतिरिक्त अन्यान्य विषयों यथा व्यक्तिव निर्माण, मानव निर्माण, मूल्यपरक शिक्षा, कौशल विकास, विद्यार्थियों की समस्याओं पर चर्चा कर समुचित समाधान प्राप्त करने का एक अद्वितीय मंच है। छत्तीसगढ़ के 650 से अधिक महाविद्यालयों एवं 25 से अधिक विश्वविद्यालयों में से यह पहला महाविद्यालय है जिसने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को पाठयपुस्तकों में से निकालकर उसे धरातल पर क्रियान्वयन किया है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो जी ए घनश्याम के मस्तिष्क की यह उपज समूचे छत्तीसगढ़ एवं देश के शिक्षण संस्थानों के लिए एक अत्यंत अनुकरणीय पहल है।

### वनवासी क्षेत्र के महाविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधारोपण किया

अतिथियों द्वारा महाविद्यालय के प्रांगण में पर्यावरण संरक्षण हेतु सशक्त संदेश देने के उद्देश्य से पौधारोपण किया गया। इन पौधों पर अतिथियों के नाम सहित क्यू आर कोड भी अंकित है जिसे स्कैन कर इन पौधों के संबंध में जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## युवाओं की भागीदारी और सामाजिक मुद्दों पर बनी रणनीति

# सर्व यादव समाज की नई जिला कार्यकारिणी गठित

■ सर्वसम्मति से अध्यक्ष बने : ओम यदु।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सर्व यादव समाज की जिला कार्यकारिणी का चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। आयोजित बैठक में सामाजिक एकता, संगठनात्मक मजबूती और समाज के हितों को लेकर व्यापक चर्चा के बाद नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। चुनाव प्रक्रिया में पीपरमाटी निवासी ओम यदु को सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष चुना गया। वहीं महासचिव पद पर रोहित यादव, कोषाध्यक्ष के रूप में पवन यादव तथा सचिव पद पर कनस यादव का चयन किया गया।

चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाए रखने के लिए प्रदेश स्तर से पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई थी। इनमें सरगुजा संभागीय अध्यक्ष देवनारायण यादव, राजनांदगांव उपाध्यक्ष हरिश यादव, मुंगेली समाज प्रमुख देवीशंकर यादव तथा लोरमी से प्रसादी यादव शामिल रहे। पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में चुनाव शांतिपूर्ण और सर्वसम्मति से संपन्न हुआ।

बैठक के दौरान समाज प्रमुखों ने सामाजिक एकजुटता बनाए रखने पर जोर दिया। देवीशंकर यादव ने समाज के सभी घटकों से एक नाम पर सहमति बनाने की अपील की, जिसके बाद विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों के बीच चर्चा हुई।

### एक सप्ताह में होगा कार्यकारिणी विस्तार



नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष ओम यदु ने कहा कि समाज ने उन पर जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर संगठन को और मजबूत बनाया जाएगा तथा सामाजिक हितों के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एक सप्ताह के भीतर जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा, जिसमें युवाओं की अलग टीम भी गठित की जाएगी। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष राकेश यदु, पवन यदु, प्रकाश यादव, पूर्व पार्षद संतोष यादव, टिब्लू यादव, चंद्रेश, गोलू यादव, नीलम यदु, विजय यादव, संजय यादव, प्रेम यदु, धनी यादव, तुलसी यादव सहित बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थें।

### राजनीतिक प्रतिनिधित्व बढ़ाने पर होगा मंथन

ठक में राजनीतिक दलों में यादव समाज को अपेक्षित प्रतिनिधित्व नहीं मिलने का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा। समाज के सदस्यों ने कहा कि राजनीतिक क्षेत्र में समाज की भागीदारी और प्रतिनिधित्व को मजबूत करने की आवश्यकता है। इस विषय पर आगामी बैठकों में ठोस रणनीति तैयार कर समाज की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने की दिशा में पहल करने का निर्णय लिया गया।

# महली में शनिदेव जयंती पर मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

पंडरिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत महली में शनि जयंती के पावन अवसर पर ब्रह्मदेव मंदिर एवं शिव मंदिर परिसर में शनिदेव भगवान की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा भव्य एवं श्रद्धापूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। ग्रामवासियों एवं मंदिर समिति के सदस्यों के अथक प्रयास, मेहनत एवं सहयोग से यह धार्मिक आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पूर्व गांव के वरिष्ठजनों एवं नवयुवकों द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इसके पश्चात पं ओम शर्मा के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-यज्ञ एवं धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न कराया गया। पूरे मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। शनिदेव महाराज की मूर्ति को पूरे श्रद्धा एवं विधि-विधान के साथ मंदिर परिसर में स्थापित किया गया। इस अवसर पर आयोजित भंडारे में स्थानीय ग्रामीणों सहित आसपास के गांवों से पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में ब्रह्मदेव मंदिर समिति एवं ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा। इस दौरान प्रमुख रूप से अधिवक्ता अवनीश कश्यप, घनश्याम चंद्राकर, अरुण चंद्राकर, हरि चंद्राकर, चंद्रकांत चंद्राकर, नारायण चंद्राकर, योगेश शर्मा, संजय चंद्राकर, जगराखन साहू, रेखराम साहू, हरेंद्र तिवारी, रोशन साहू सहित ग्राम के वरिष्ठजनों का उल्लेखनीय सहयोग रहा।

# 20 मई को राष्ट्रव्यापी बंद का किया ऐलान



■ ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में एआईओसीडी का आंदोलन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

ऑनलाइन दवा बिक्री और ई-फार्मेसी के विरोध में देशभर के केमिस्ट एवं दवा व्यापारियों ने 20 मई बुधवार को राष्ट्रव्यापी बंद का ऐलान किया है। इस संबंध में ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स द्वारा विभिन्न जिलों में प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जा रहा है।

जिला कबीरधाम में भी केमिस्ट संघ द्वारा अपर कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया। संघ का कहना है कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर एआई आधारित फर्जी प्रिस्क्रिप्सन के माध्यम से एंटीबायोटिक्स और नशीली दवाओं की अनियंत्रित बिक्री हो रही है, जिससे एंटी-माइक्रोबियल रेसिस्टेंस जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्या बढ़ने का खतरा है। संगठन ने इसे जनस्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ बताया है।

संघ ने बड़े कॉरपोरेट संस्थानों पर डीप डिस्काउंटिंग के जरिए बाजार संतुलन बिगाड़ने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि सरकार द्वारा आवश्यक दवाओं के मार्जिन निर्धारित होने के बावजूद बड़े ऑनलाइन प्लेटफॉर्म अत्यधिक छूट देकर छोटे और ग्रामीण मेडिकल स्टोर्स के अस्तित्व पर संकट पैदा कर रहे हैं।

एआईओसीडी ने कोविड-19 के दौरान जारी अस्थायी अधिसूचना ग.स.र. 220(ए) को तत्काल निरस्त करने तथा ई-फार्मेसी से संबंधित अधिसूचना ग.स.र. 817(ए) को वापस लेने की मांग की है। साथ ही ऑनलाइन कंपनियों द्वारा दी जा रही अनुचित छूट पर रोक लगाने के लिए समान अवसर नीति लागू करने की मांग भी उठाई गई है। संगठन के अध्यक्ष जेएस शिंदे और महासचिव राजीव सिंघल ने कहा कि यह केवल व्यापार का मुद्दा नहीं बल्कि मरीजों की सुरक्षा से जुड़ा विषय है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार 20 मई तक मांगों पर निर्णय नहीं लेती है, तो आगे अनिश्चितकालीन आंदोलन किया जाएगा।

वहीं स्थानीय मेडिकल संचालकों ने नागरिकों से अपील की है कि वे 19 मई तक अपनी आवश्यक दवाइयां खरीद लें, क्योंकि 20 मई को सभी मेडिकल स्टोर्स बंद रहेंगे। खत्री मेडिकल स्टोर्स राजमहल चौक द्वारा भी इस संबंध में सूचना जारी की गई है।

# नियमितीकरण और ओपीएस की मांग को लेकर विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन कवर्धा संभाग द्वारा कर्मचारियों के नियमितीकरण एवं पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) लागू करने सहित चार सूत्रीय मांगों को लेकर जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपा गया।

यूनियन पदाधिकारियों ने कवर्धा विधायक एवं उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन विजय शर्मा व पंडरिया विधायक भावना बोहरा तथा राजनांदगांव सांसद संतोष पाण्डेय को ज्ञापन सौंपकर कर्मचारियों की लंबित मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की मांग की। संगठन पदाधिकारियों ने बताया कि नियमितीकरण, ओपीएस सहित विभिन्न मांगों को लेकर लंबे समय से कर्मचारी आंदोलनरत हैं।



जनप्रतिनिधियों से मांगों को शासन स्तर पर प्रमुखता से उठाकर शीघ्र निराकरण कराने का आग्रह किया गया। इस दौरान जनता यूनियन संभागीय अध्यक्ष अवधेश ठाकुर, आईएम शेख, रवि केशरवानी, संजय देवांगन, विश्वजीत सोनी, तुलसी एवं समीर खान सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थें।

# चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जयंती धूमधाम से मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जन्म जयंती प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े ही धूमधाम एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में राजपूत समाज के वरिष्ठजन, युवा साथी एवं बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थें। इस अवसर पर पीजी कॉलेज के पीछे स्थित तिराहा का नामकरण सम्राट पृथ्वीराज चौहान चौक के रूप में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कवर्धा नगरपालिका अध्यक्ष एवं सर्व राजपूत क्षत्रिय महासंघ के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी उपस्थित थें। कार्यक्रम को सफल बनाने में सर्व राजपूत क्षत्रिय महासंघ, राजपूत चौहान समाज 5980 एवं समाज के युवा साथियों का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर सर्व राजपूत क्षत्रिय महासंघ के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिंह, संयोजक सागर सिंह ठाकुर, राजपूत क्षत्रिय चौहान समाज 5980 के अध्यक्ष बद्री सिंह चौहान, रमन सिंह राजपूत, अनिल सिंह चौहान सहित अन्य राजपूत समाज के पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थें। कार्यक्रम के दौरान सम्राट पृथ्वीराज चौहान के शौर्य, पराक्रम एवं राष्ट्रभक्ति को स्मरण करते हुए समाज के युवाओं को उनके आदर्शों पर चलने का संदेश दिया गया।

### ऑनलाइन परामर्श कक्षा का शेड्यूल जारी हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पं. सुंदरलाल शर्मा ओपन विवि ने ऑनलाइन परामर्श कक्षा का शेड्यूल जारी किया है। ये कक्षाएं 25 मई से जून माह तक चलेगी, इसमें सत्र जून-जुलाई 2025-26 अंतर्गत बीए (प्रथम) अंग्रेजी साहित्य, बीए (तृतीय) अंग्रेजी साहित्य, एमए (अंतिम) अंग्रेजी साहित्य शामिल है। इन सभी के लिए अलग-अलग तारीख निर्धारित की गई है। यह शेड्यूल विवि की वेबसाइट pssou.ac.in पर अपलोड की गई है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**चुनावः भाजपा ने सरिता तो कांग्रेस ने रौशन को बनाया प्रत्याशी**

# सहसपुर लोहारा नगर पंचायत उपचुनाव में भाजपा-कांग्रेस एक बार फिर आमने-सामने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा/स. लोहारा

नगर पंचायत सहसपुर लोहारा के पूर्व भाजपा समर्थित अध्यक्ष स्व. संतोष मिश्रा के असामयिक निधन के बाद रिक्त हुए अध्यक्ष पद के लिए उपचुनाव की प्रक्रिया तेज हो गई है।

निर्वाचन कार्यक्रम घोषित होने के साथ ही नगर पंचायत में राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ गई हैं और एक बार फिर भाजपा तथा कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला तय माना जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए 1 जून को मतदान कराया जाएगा। उपचुनाव को लेकर दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों ने अपने-अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। भारतीय जनता पार्टी ने दिवंगत अध्यक्ष स्व. संतोष मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती सरिता संतोष मिश्रा को अधिकृत प्रत्याशी बनाया है।

वहीं कांग्रेस ने इस बार प्रत्याशी बदलते हुए वार्ड क्रमांक-1 के पार्षद रौशन वैष्णव को चुनाव मैदान में उतारा है। नामांकन दाखिले की अंतिम तिथि 18 मई को दोनों दलों के प्रत्याशियों ने अपने-अपने समर्थकों और पार्टी नेताओं के साथ नामांकन पत्र जमा किया। कांग्रेस प्रत्याशी रौशन वैष्णव के नामांकन के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नवीन जायसवाल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि रौशन वैष्णव वर्तमान में कांग्रेस से वार्ड नंबर-1 के पार्षद हैं तथा पूर्व में भी इसी वार्ड का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

वहीं भाजपा प्रत्याशी श्रीमती सरिता संतोष मिश्रा ने जिला भाजपा अध्यक्ष राजेन्द्र चन्द्रवंशी, डॉ. सियाराम साहू तथा अन्य भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में नामांकन दाखिल किया। नामांकन के दौरान दोनों दलों ने शक्ति प्रदर्शन करते हुए समर्थकों के साथ चुनावी माहौल को पूरी तरह गर्म कर दिया। नगर पंचायत सहसपुर लोहारा के इस उपचुनाव को राजनीतिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। भाजपा जहां सहानुभूति और संगठनात्मक मजबूती के सहारे अपनी सीट बचाने की कोशिश में है, वहीं कांग्रेस इस चुनाव को सत्ता पक्ष के खिलाफ माहौल बनाने के अवसर के रूप में देख रही है।

ऐसे में आगामी दिनों में नगर पंचायत क्षेत्र में चुनाव प्रचार और राजनीतिक गतिविधियां और तेज होने की संभावना है।



### 1 जून को मतदान, 4 जून को नतीजे

नगर पंचायत सहसपुर लोहारा में 15 वार्ड हैं जिसमें कुल 5142 मतदाता हैं जो पुनः मतदान कर अपना नया नगर पंचायत अध्यक्ष चुनेंगे। नगर पंचायत उप चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए दोनों राष्ट्रीय दल के अलावा 5 निर्दलीय प्रत्यासियों ने भी अपना नामांकन दर्ज किया है। जहां नामांकन दर्ज करने की अंतिम तारीख 18 मई थी, वहीं नाम वापसी की अंतिम तिथि 21 मई निर्धारित की गई है, नाम वापसी के बाद तय होगा की कुल कितने प्रत्याशी मैदान में हैं और कितने प्रत्यासी नाम वापस कर रहे हैं । 01 जून को मतदान होगा एवं 04 जून को मतगणना के बाद नतीजे घोषित किये जायेंगे।



### कांग्रेस ने निकाली नामांकन रैली

जिला कांग्रेस कमेटी ने अपनी पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी रौशन वैष्णव के समर्थन में भव्य नामांकन रैली निकाली और नामांकन दाखिल किया। नामांकन रैली में अपने प्रत्याशी का उत्साह वर्धन करने स्वयं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवीन जायसवाल, पूर्व अध्यक्ष होरीराम साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी पहुंचे थे। माना जा रहा है कि नगर पंचायत सहसपुर लोहारा के अध्यक्ष पद का यह उप चुनाव आने वाले दिनो में और भी रोचक होगा।

# गांधी मैदान से चोरी की गई आर्टिका कार बरामद



■ कवर्धा कोतवाली पुलिस के हत्थे चढ़ा एक आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा पुलिस ने वाहन चोरी के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गांधी मैदान से चोरी हुई आर्टिका वाहन को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गई वाहन जब्त कर वैधानिक कार्रवाई की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी ने थाना सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह 15 मार्च 2026 को अपने परिवार के साथ निजी कार्य से कवर्धा आया था। इस दौरान उसने अपनी आर्टिका वाहन क्रमांक सीजी 10 ए डब्ल्यू 8269 को गांधी मैदान में खड़ी कर बाजार चला गया था। वापस लौटने पर वाहन मौके से गायब मिली, जिसे अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया था। रिपोर्ट के आधार पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्रमांक 194/2026 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित पटेल एवं नगर पुलिस अधीक्षक आशीष शुक्ला के मार्गदर्शन में सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी और चोरी गई वाहन की लगातार पतासाजी की जा रही थी। विवेचना के दौरान घटनास्थल निरीक्षण, गवाहों से पूछताछ तथा तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने संदेही तसलीम खान निवासी ग्राम मोहगांव थाना पाण्डातराई को चिन्हित किया।

पूछताछ में आरोपी ने चोरी की घटना स्वीकार करते हुए बताया कि गांधी मैदान में वाहन में चाबी लगी होने का फायदा उठाकर उसने वाहन चोरी की थी। बाद में वाहन को जोराताल स्थित एक राजस्थानी भोजनालय के पास छिपाकर रखा गया था। आरोपी के मेमोरेण्डम कथन के आधार पर पुलिस ने चोरी की गई आर्टिका वाहन बरामद कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

## खबर संक्षेप



### बैगा परिवारों से मिले राज्यपाल रमेन डेका

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका आज कबीरधाम जिले के सुदूर वनांचल में बैगा परिवारों से मिलने ग्राम ढोलबज्जा पहुंचे। जहां उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत निर्मित आवासों का अवलोकन किया और हितग्राहियों को नए घरों की चाबी सौंपी। राज्यपाल ने बैगा परिवारों से आत्मीयता से चर्चा की और शासन की योजनाओं से हो रहे बदलावों की जानकारी ली। राज्यपाल श्री डेका ने सुकरतीन बाई बैगा, संतराम मरावी एवं सुखिया बैगा को नए आवास की चाबी प्रदान की। उन्होंने हितग्राहियों से आवास निर्माण की प्रक्रिया, प्राप्त राशि और योजना से मिले लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी ली।

### भीषण गर्मी में लोगों का हाल बेहाल

**कवर्धा।** । कवर्धा सहित पूरे अंचल में इन दिनों भीषण गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा नजर आ रहा है तथा लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। गर्मी के कारण बच्चों, बुजुर्गों एवं श्रमिकों को सबसे अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं बाजारों में भी लोगों की आवाजाही कम हो गई है। चिकित्सकों द्वारा लोगों को अधिक से अधिक पानी पीने, धूप से बचने तथा सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है।

# करोड़ों का एनिकट निर्माण पूर्णता की ओर, पर सूचना पटल लापता



■ 3.58 करोड़ की लागत से आगर नदी पर बन रहा एनिकट सवालों के घेरे में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोदवागोडान

जल संसाधन विभाग के पंडरिया अनुभाग अंतर्गत छिरपानी ग्राम के पास आगर नदी पर बन रहा तीन करोड़ अठ्ावन लाख रुपये की लागत का एनिकट इन दिनों अपनी उपयोगिता से ज्यादा विभागीय लापरवाही और निर्माण एजेंसी की मनमानी को लेकर चर्चा में है।

निर्माण कार्य अब पूर्णता की ओर है, लेकिन नियम-कायदों को ताक पर रखकर काम को अंजाम दिया जा रहा है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि जनता के पैसों से बन रहे इस इतने बड़े प्रोजेक्ट का विवरण देने वाला सूचना फलक मौके पर लगा ही नहीं है। शासकीय नियमों के मुताबिक किसी भी निर्माण कार्य की शुरुआत से पहले वहां लागत, ठेकेदार का नाम, कार्य पूर्ण करने की अवधि और तकनीकी विवरण का बोर्ड लगाना अनिवार्य है।

लेकिन यहाँ गंगा उल्टी बह रही है। गत दिवस जब हमारे संवाददाता ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी लेनी चाही, तो वहां तैनात निर्माण एजेंसी के एक कर्मचारी (चौकीदार) से पूछा गया कि सूचना बोर्ड कहां गड़ा है? तो उसने बेहद सपाट और गैर-जिम्मेदाराना लहजे में कहा बोर्ड अभी गड़ा तो नहीं है, उधर दीवाल के पीछे पड़ा है, वहां जाकर पढ़ लीजिए।

यह जवाब साफ बयां करता है कि निर्माण एजेंसी को न तो नियमों का खौफ है और न ही जनता के प्रति कोई जवाबदेही।

### तकनीकी पहलू और खतरा

नियमतः अप्रोच रोड को नदी से ऊपर वहां तक बनाया जाना चाहिए जहां से ढलान शुरू होती है यानी धरातल के टॉप लेवल तक। ऐसा इसलिए किया जाता है ताकि बारिश के दिनों में टॉप लेवल की मिट्टी बरसाती पानी के साथ बहकर नीचे न आए और सड़क व एनिकट को नुकसान न पहुंचे। लेकिन यहाँ इस तकनीकी पहलू को पूरी तरह नजरअंदाज किया जा रहा है, जिससे पहली ही बारिश में कटाव का बड़ा खतरा मंडरा रहा है। करोड़ों के इस खेल पर जब विभाग के पंडरिया स्थित जिम्मेदार अधिकारी से बात करने की कोशिश की गई, तो उनका जवाब भी टालमटोल और गैर-जिम्मेदाराना रहा।

### टॉप लेबल को छोड़कर बन रही एप्रोच रोड

एनिकट के दोनों ओर 100-100 मीटर का अप्रोच सीसी रोड बनाया जाना प्रस्तावित है। लेकिन धरातल पर स्थिति कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। वर्तमान में केवल एक तरफ ही सीसी रोड का निर्माण किया जा रहा है, जिसकी लंबाई 100 मीटर, लगभग 328 फीट होनी चाहिए, लेकिन मौके पर यह महज 150 फीट के आसपास ही नजर आ रही है।

### उठाए जा रहे हैं सवाल

जब योजना की शुरुआती जानकारी सूचना पटल को ही दीवाल के पीछे छुपा कर रख दिया गया है, तो फिर भीतर चल रहे निर्माण कार्य की गुणवत्ता कितनी पारदर्शी होगी, इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। उच्च अधिकारियों को इस पूरे मामले को संज्ञान में लेकर तुरंत जांच करनी चाहिए।

### सूचना बोर्ड लगाने के लिए कहा गया था

सूचना बोर्ड लगाने के लिए कहा गया था किंतु अगर अभी तक नहीं लगा है तो कल लगवा दिया जाएगा और रही बात एप्रोच रोड के लंबाई की तो जितना बनाया जाएगा उसी के हिसाब से मूल्यांकन किया जाएगा।

**- श्री शर्मा,** अनुविभागीय अधिकारी, पंडरिया

# जिले में 20 मई को मेडिकल स्टोर्स रहेंगे बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अखिल भारतीय औषधि विक्रेता संगठन के आह्वान पर 20 मई 2026 को पूरे देश सहित कवर्धा में केमिस्ट एवं मेडिकल स्टोर्स बंद रहेंगे।

दवा व्यापारियों ने इस बंद को दवा व्यवसाय और मरीजों की सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए आवश्यक कदम बताया है। कवर्धा के मेडिकल स्टोर संचालकों और दवा व्यापारियों के अनुसार, ऑनलाइन दवाओं की बिक्री तथा बड़ी कॉर्पोरेट कंपनियों द्वारा भारी छूट दिए जाने से छोटे और पारंपरिक मेडिकल स्टोर्स पर आर्थिक दबाव लगातार बढ़ रहा है। व्यापारियों का कहना है कि इससे स्थानीय दवा व्यवसाय प्रभावित हो रहा है और छोटे व्यापारियों के सामने रोजगार का संकट उत्पन्न हो रहा है।

संगठन ने सरकार से ऑनलाइन दवा बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने, कॉर्पोरेट कंपनियों द्वारा दिए जा रहे अत्यधिक डिस्काउंट सिस्टम को बंद करने तथा नकली और अवैध दवाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। इसके साथ ही केंद्र सरकार से जीएसआर 817 (28 अगस्त 2018) एवं कोविड जीएसआर 220 (26 मार्च 2020) को वापस लेने की भी मांग उठाई गई है। दवा व्यापारियों का कहना है कि बिना उचित निगरानी के ऑनलाइन दवा बिक्री मरीजों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। उनका मानना है कि स्थानीय मेडिकल स्टोर्स न केवल दवाएं उपलब्ध कराते हैं, बल्कि मरीजों को सही मार्गदर्शन, परामर्श और जिम्मेदार सेवाएं भी प्रदान करते हैं।

इस बंद का असर कवर्धा में मेडिकल स्टोर्स और दवा वितरण सेवाओं पर देखने को मिल सकता है। हालांकि, संगठन ने आम नागरिकों और मरीजों को होने वाली असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया है। साथ ही यह भी कहा गया है कि आवश्यक सेवाओं को सुचारु बनाए रखने के लिए स्थानीय स्तर पर उचित व्यवस्था करने का प्रयास किया जाएगा।

# केसीसी के लिए घंटों भटके किसान हस्तक्षेप के बाद प्रक्रिया की गई शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



किसानों को खेती-किसानी के कार्यों के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने शासन द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना संचालित की जा रही है, लेकिन कबीरधाम जिले में सहकारी बैंक प्रबंधन की अव्यवस्थाओं के कारण किसानों को इसका लाभ लेने भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ऐसा ही मामला जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-10 अंतर्गत दशरंगपुर सहकारी बैंक में सामने आया, जहां क्षेत्र के सैकड़ों किसान केसीसी भुगतान लेने पहुंचे थे।

बताया जाता है कि भीषण गर्मी के बीच किसान घंटों तक बैंक के बाहर लाइन में खड़े रहे, लेकिन बैंक प्रबंधन द्वारा जरूरतमंद किसानों को भुगतान नहीं किया गया। इससे नाराज किसानों ने अपनी समस्या की जानकारी क्षेत्र से निर्वाचित जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चन्द्रवंशी को दी।सूचना मिलने पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चन्द्रवंशी, जिला पंचायत सभापति डॉ. वीरेन्द्र साहू, मनीराम साहू एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सीधे बैंक पहुंचे।

उन्होंने किसानों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं और बैंक प्रबंधन से बातचीत कर तत्काल समाधान निकालते हुए केसीसी भुगतान प्रक्रिया शुरू कराई। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कैलाश चन्द्रवंशी द्वारा बैंक परिसर में कूलर की व्यवस्था भी कराई गई, जिससे भीषण गर्मी में इंतजार कर रहे किसानों को राहत मिल सके।

### व्यवस्था पर खड़े किए जा रहे हैं सवाल

घटना के बाद क्षेत्र में यह सवाल उठने लगा है कि आखिर किसानों को शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए बेवजह परेशान क्यों किया जा रहा है। वहीं यह चर्चा भी तेज हो गई है कि यदि जनप्रतिनिधियों के हस्तक्षेप के बाद ही योजनाओं का संचालन सुचारू रूप से हो पा रहा है, तो संबंधित विभागों और बैंक प्रबंधन की जिम्मेदारी आखिर क्या है।

# 120 पदों के लिए कवर्धा में रोजगार मेला का आयोजन कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिले के ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी जो, निजी क्षेत्रों में रोजगार करना चाहते है, उन्हें अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, कबीरधाम में 20 मई 2026 बुधवार को प्रातः 10.30 बजे से 03 बजे तक रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा।

रोजगार मेला में सम्मिलित होने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी को अपने रोजगार पहचान पत्र, समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र, स्थायी जाति व निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 1 पासपोर्ट साईज फोटो, ड्राईविंग लायसेंस व अन्य प्रमाण पत्रों (जो पद हेतु आवश्यक हो) की मूलप्रति एवं छायाप्रतियों के साथ नियत समय में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, काली मंदिर के पास, ठाकुर पारा, कवर्धा, में उपस्थित हो सकते है।

संबंधित विभाग के मुताबिक किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

**केंद्र सरकार पर जनता के सिर आर्थिक बोझ बढ़ाने का आरोप**

# महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की लगातार बढ़ती कीमतों के विरोध में शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा सोमवार को जोरदार प्रदर्शन किया गया।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए बढ़ती महंगाई पर नाराजगी जताई और आम जनता को राहत देने की मांग की। यह प्रदर्शन प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व कैबिनेट मंत्री मो. अकबर, जिला संगठन प्रभारी पदम कोठारी एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नवीन जायसवाल के निर्देशानुसार शहर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया गया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाथों में बैनर और पोस्टर लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार आम जनता से किए गए वादों को पूरा करने में विफल रही है और लगातार टैक्स बढ़ाकर लोगों पर आर्थिक बोझ डाल रही है। सभा को संबोधित करते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक सिंह ने कहा कि पेट्रोल, डीजल और घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में लगातार वृद्धि से आम जनता की कमर टूट चुकी है। महंगाई का सबसे अधिक असर गरीब, मजदूर, किसान और मध्यम वर्गीय परिवारों पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि ईंधन के दाम बढ़ने से परिवहन खर्च में वृद्धि हुई है, जिसका सीधा असर खाद्य पदार्थों और दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमतों पर पड़ रहा है।

वहीं रसोई गैस सिलेंडर महंगा होने से गृहणियों का घरेलू बजट भी बिगड़ गया है।

### कांग्रेस नेताओं ने लगाए आरोप

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान महंगाई कम करने के बड़े-बड़े वादे किए गए थे, लेकिन वर्तमान स्थिति इसके विपरीत है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने जल्द महंगाई पर नियंत्रण नहीं किया तो कांग्रेस पार्टी आने वाले समय में और बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होगी। प्रदर्शन के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री गोपाल चंद्रवंशी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष मणिकांत, मंडल अध्यक्ष गणेश योगी, दीपक ठाकुर, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष सीतेश चंद्रवंशी, युवक कांग्रेस शहर अध्यक्ष हेमंत ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ, लेकिन कार्यकर्ताओं में बढ़ती महंगाई को लेकर भारी आक्रोश देखने को मिला।

# हड़ताल के चलते 20 मई को दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने प्रशासन अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

ऑनलाइन औषधियों की बिक्री के विरोध स्वरूप विभिन्न केमिस्ट संगठनों द्वारा दिनांक 20 मई 2026 को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आह्वान किया गया है। उक्त परिस्थिति को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन, छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य में आम नागरिकों को आवश्यक औषधियों एवं स्वास्थ्य सेवाओं की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

जिले मे संचालित प्रधानमंत्री जनऔषधि केन्द्रों, धन्वंतरी मेडिकल स्टोर्स, शासकीय चिकित्सालयों, नर्सिंग होम्स एवं अन्य औषधि वितरण केन्द्रों के माध्यम से आवश्यक दवाओं की उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि आमजन एवं मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।



खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा दवा विक्रेता संघ को भी पत्र प्रेषित कर निर्देशित किया गया है कि प्रस्तावित विरोध कार्यक्रम के दौरान जनहित, रोगी सेवा एवं आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आवश्यक दवाओं एवं स्वास्थ्य उत्पादों की उपलब्धता बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें। आमजन से अपील की जाती है कि वे घबराहट में अथवा अनावश्यक दवाओं का संग्रहण न करें। जिन मरीजों को नियमित दवाओं की आवश्यकता होती है, वे चिकित्सकीय परामर्श अनुसार आवश्यक दवाएं पूर्व में प्राप्त कर सुरक्षित रखें। आपातकालीन स्थिति में शासकीय अस्पतालों, जनऔषधि केन्द्रों, धन्वंतरी मेडिकल स्टोर्स, एवं अन्य उपलब्ध औषधि केन्द्रों से दवाएं प्राप्त की जा सकती हैं।

राज्य शासन द्वारा जनस्वास्थ्य एवं रोगी हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं तथा स्थिति पर सतत निगरानी रखी जा रही है।